RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू
# स्मार्ट हलचल
smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 69 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, शनिवार, 05 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

### इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टी3 फोरकोर्ट में हुआ जलभराव

## दो घंटे की बारिश में दिल्ली पानी-पानी

### 9 उड़ानें डायवर्ट, 400 से ज्यादा फ्लाइट लेट, मौसम विभाग ने फिर जारी किया भारी बारिश का अलर्ट

● नई दिल्ली

जन्माष्टमी के दिन शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में हुई तेज बारिश ने राजधानी की रफ्तार थाम दी। करीब दो घंटे की बारिश के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) के टर्मिनल-3 के फोरकोर्ट और मीट एंड ग्रीट एरिया में भारी जलभराव हो गया। यात्रियों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। खराब मौसम के चलते नौ उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि 400 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित हुईं।

एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार शाम 3.30 से 4.30 बजे के बीच नौ उड़ानों को दूसरे एयरपोर्ट भेजना पड़ा। इनमें चार उड़ानें जयपुर, चार लखनऊ और एक उड़ान अहमदाबाद डायवर्ट की गई। एयरपोर्ट के अनुसार, अप्रोच रोड और फोरकोर्ट में जमा पानी को कुछ ही समय में निकाल दिया गया। भारी बारिश के बाद टी3 के आगमन क्षेत्र के बाहर मीट एंड ग्रीट एरिया में भी पानी भर गया। जलभराव के कारण यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई। एक यात्री ने बताया कि वह करीब आधे घंटे तक पानी कम होने का इंतजार करती रही, ताकि आगमन गेट की ओर जा सके। कुछ यात्रियों को पानी के बीच से होकर अपने वाहनों तक पहुंचना पड़ा। एयरपोर्ट कर्मचारियों के मुताबिक, उन्होंने कई वर्षों में परिसर में इस तरह का जलभराव नहीं देखा। यात्रियों और कर्मचारियों ने जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे दुरुस्त करने की जरूरत बताई।







### दिल्ली-एनसीआर में अलर्ट

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश और गरज-चमक की चेतावनी जारी की है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। कुछ इलाकों में 50 से 100 मिलीमीटर तक बारिश का अनुमान है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे और झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। दिल्ली के अलावा सुब्रतो पार्क, बसंत गांव और नर्मदा अपार्टमेंट समेत कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। गुरुग्राम के निचले इलाकों में भी पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई। सडक़ों पर जलभराव के कारण यातायात प्रभावित रहा।

### 6 सितंबर से राहत के संकेत

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में शनिवार तक बादल, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रह सकता है। इसके बाद बारिश की तीव्रता कम होने की संभावना है। 6 सितंबर से दिल्ली में भारी बारिश का फिलहाल कोई अलर्ट नहीं है, हालांकि हल्की बारिश या बूंदाबांदी जारी रह सकती है।

### शनिवार को भी बारिश की संभावना

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को भी बारिश का दौर जारी रह सकता है। हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली क्षेत्र के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी है। निचले इलाकों में जलभराव और सडक़ों पर यातायात धीमा पडऩे की आशंका है। विभाग ने लोगों को मौसम के अपडेट पर नजर रखने और जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी है।

### राजस्थान से उत्तर प्रदेश तक असर

उत्तर-मध्य प्रदेश और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र और सक्रिय मानसून अक्ष के कारण उत्तर भारत में बारिश हो रही है। राजस्थान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में भी भारी बारिश का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में पूर्वी राजस्थान में तेज बारिश दर्ज की गई। सवाई माधोपुर के खंडार में सबसे अधिक 130 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

## आक्रांता मंदिर तोड़ सकता है, पर आस्था नहीं: योगी

### जन्माष्टमी पर मथुरा पहुंचे सीएम योगी, श्रीकृष्ण जन्मभूमि में की पूजा-अर्चना



● मथुरा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा पहुंचे और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने जन्मस्थान के मुख्य गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन किए।

मुख्यमंत्री के रूप में यह उनका श्रीकृष्ण जन्मभूमि का 20वां दौरा बताया गया। जन्माष्टमी के लिए मुख्य गर्भगृह को चांदी की परत से सजाया गया था। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजा कर देश और प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने योगमाया मंदिर, केशवदेव मंदिर और भागवत भवन में भी दर्शन-पूजन किया। जन्मभूमि परिसर में गोपूजन के बाद उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उज्जैन से आए कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनका उत्साह बढ़ाया।

### मंदिर टूट सकते हैं, आस्था नहीं

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आक्रांता मंदिरों को तोड़ सकते हैं, लेकिन लोगों की आस्था को खत्म नहीं कर सकते। मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है, लेकिन उनसे जुड़े विश्वास और मूल्यों को मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि करीब 5200 वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण ने इसी धरती पर अवतरित होकर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना का संदेश दिया था। भारत ने अनेक आक्रमणों का सामना किया, लेकिन सनातन की आस्था को कोई मिटा नहीं सका। उन्होंने कहा, जिन्होंने सनातन की आस्था को मिटाने का दुस्साहस किया, वे खुद मिट्टी में मिल गए। योगी ने कहा कि मंदिरों के ऊपर दूसरी इमारतें खड़ी की जा सकती हैं, लेकिन लोगों के मन में बसे श्रीराम और श्रीकृष्ण को कोई नहीं छू सकता। उन्होंने सोमनाथ मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि इसे कई बार तोड़ा गया, लेकिन भारत ने हर बार इसका पुनर्निर्माण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अंधकार के बीच कारागार में हुआ, लेकिन उन्होंने समाज को प्रकाश का मार्ग दिखाया।

## स्कूल बस के ड्राइवर ने 3 साल की छात्रा से की दरिंदगी

● नवी मुंबई

नवी मुंबई में स्कूल बस से घर लौट रही तीन साल की बच्ची के साथ कथित यौन शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 30 वर्षीय स्कूल बस ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। घटना बुधवार दोपहर कामोठे इलाके की बताई जा रही है। बच्ची को घर छोडऩे के दौरान वह बस में ड्राइवर के साथ अकेली रह गई थी।

**दूसरे बच्चों के उतरने के बाद बस में अकेली रह गई थी बच्ची**

पुलिस के मुताबिक, आरोपी उस निजी बस को चला रहा था जिसे स्कूल ने छात्रों को लाने-ले जाने के लिए रखा था। मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, बच्ची रोज अन्य बच्चों के साथ निजी बस से स्कूल आती-जाती थी। बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे ड्राइवर ने कामोठे में किंडरगार्टन और प्राइमरी स्कूल के बच्चों को उनके घर छोडऩा शुरू किया। एक-एक कर बाकी बच्चे अपनी-अपनी जगह पर उतर गए। इसके बाद तीन साल की बच्ची बस में ड्राइवर के साथ अकेली रह गई। पुलिस का आरोप है कि इसी स्थिति का फायदा उठाकर ड्राइवर ने बच्ची का यौन शोषण किया।घटना का पता तब चला जब बच्ची घर पहुंची और उसने पेट में दर्द की शिकायत की। दादी ने जब उससे इस बारे में पूछा तो बच्ची ने कथित तौर पर बताया कि बस में ड्राइवर अंकल ने उसके साथ गलत किया।

## रेप-मर्डर केस में पानीहाटी नगर निकाय के पूर्व प्रमुख गिरफ्तार

### अंतिम संस्कार में जल्दबाजी के आरोप पर लोगों का फूटा गुस्सा, ईंट-पत्थर और अंडे फेंके, कई पुलिसकर्मी घायल

● कोलकाता

आरजी कर अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर से जुड़े दुष्कर्म और हत्या के मामले में जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कराने के आरोप में गिरफ्तार पानीहाटी नगर निकाय के पूर्व प्रमुख सोमनाथ डे को शुक्रवार को खड़दह पुलिस स्टेशन लाया गया। उनकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही थाने के बाहर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुट गए। आरोपी को बाहर लाते समय भीड़ ने उस पर अंडे, ईंट और पत्थर फेंके। आरोपी को बचाने की कोशिश में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस नेता डे को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। वह कई महीनों से फरार थे। शुक्रवार को उन्हें हेलमेट पहनाकर पुलिस स्टेशन से बाहर निकाला जा रहा था, तभी प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आरोपी को भीड़ से बचाकर पुलिस वाहन में बैठाया और बैरकपुर कोर्ट ले गए। पुलिस ने कोर्ट से डे की हिरासत की मांग की है। उस पर पीड़िता के अंतिम संस्कार में जल्दबाजी कराने और सबूत मिटाने में कथित भूमिका की जांच की जा रही है।

### दो आरोपी पहले से जेल में

पीड़िता का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कराने के आरोप में खड़दह थाने में अलग मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पानीहाटी के पूर्व विधायक निर्मल घोष और पूर्व पार्षद संजीव मुखोपाध्याय पहले से जेल में हैं। इससे पहले घोष और मुखोपाध्याय को पुलिस स्टेशन लाए जाने पर भी प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया था। उस दौरान दोनों घायल हुए थे। बाद में मुखोपाध्याय की आंख की सर्जरी भी करानी पड़ी थी।

**9 अगस्त 2024 को मिली थी लाश:** आरजी कर अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर 9 अगस्त 2024 की सुबह अस्पताल के सेमिनार रूम में मृत मिली थीं। जांच में सामने आया कि पिछली रात उनके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी। इस मामले ने देशभर में व्यापक विरोध-प्रदर्शन को जन्म दिया था।

## पंजाब के 85 हजार कर्मचारियों को बड़ी सौगात

**चंडीगढ़, आरएनएन ।** पंजाब सरकार ने राज्य के करीब 85 हजार कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में 18 फीसदी की बढ़ोतरी की है। मंत्री अमन अरोड़ा ने घोषणा की कि 17 जुलाई 2020 के बाद सेवा में शामिल हुए सभी कर्मचारियों को अब 60 फीसदी डीए मिलेगा। फिलहाल उन्हें 42 फीसदी डीए दिया जा रहा था। सरकार के इस फैसले से संबंधित कर्मचारियों के वेतन में सीधे बढ़ोतरी होगी और आगामी त्योहारों से पहले उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। सरकार के मुताबिक, इस फैसले का लाभ करीब 85 हजार कर्मचारियों को मिलेगा। अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार अपने कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर वेतन और महंगाई भत्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है। डीए में बढ़ोतरी को इसी दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### डीए 42 से बढ़ाकर 60 फीसदी किया, वेतन में होगा सीधा इजाफा

## स्वतंत्र भारद्वाज को बुलंदशहर से पुलिस ने लिया हिरासत में

### जंतर-मंतर पर निशु आजाद के पिता से मारपीट का आरोप



● नई दिल्ली / आरएनएन

जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान हुई मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को यूपी के बुलंदशहर से हिरासत में लिया है। पुलिस की यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल एक पॉडकास्ट क्लिप के बाद हुई, जिसमें स्वतंत्र ने कथित तौर पर निशु आजाद के पिता संजय कुमार पर हमला करने की बात कही थी। घटना 23 जून 2026 की है। संजय कुमार 14 वर्षीय बेटी के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए थे। शाम 5.30 बजे जब वह मोबाइल से वीडियो बना रहे थे, तभी एक युवक से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद 2-3 युवकों ने उन्हें घेर लिया और घूंसे तथा लोहे के कड़े जैसी ठोस वस्तु से सिर पर हमला किया। मारपीट में घायल संजय को आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल रिपोर्ट में सिर पर दो कटे हुए घाव दर्ज किए गए।

### वायरल पॉडकास्ट के बाद तेज हुई कार्रवाई

मामले ने उस समय तूल पकड़ा, जब सोशल मीडिया पर एक पॉडकास्ट क्लिप वायरल हुई। इसमें स्वतंत्र भारद्वाज ने कथित तौर पर संजय कुमार के सिर पर हमला करने की बात कही। क्लिप में उसने यह भी दावा किया कि राजनीतिक प्रभाव के चलते उसके खिलाफ बड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई और वह बच निकला।

**राहुल गांधी ने दिया था सहयोग का भरोसा:** निशु आजाद ने वायरल वीडियो का हवाला देते हुए पुलिस कार्रवाई न होने पर न्याय की मांग की थी। इसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद कांग्रेस की लीगल टीम पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पहुंची और एफआईआर में हेट स्पीच, एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम तथा आदतन अपराधी से जुड़ी धाराएं जोडऩे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी।

## झारखंड में छात्रों पर एफआईआर के विरोध में भाजपा का आंदोलन

**रांची, आरएनएन ।** छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने, पिछले सात वर्षों में हुई सभी भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर भाजपा ने झारखंड के सभी 24 जिलों में आंदोलन का ऐलान किया है। पार्टी ने अपने 48 घंटे के अल्टीमेटम पर सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं होने के बाद 8 से 11 सितंबर तक जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन और डीसी-एसपी कार्यालयों के घेराव का कार्यक्रम तय किया है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने आंदोलन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पार्टी कार्यकर्ता चार दिनों तक सभी जिलों में प्रदर्शन कर छात्रों की आवाज उठाएंगे। प्रतिदिन छह जिलों में घेराव किया जाएगा।

### 8 से 11 सितंबर तक सभी जिलों में डीसी-एसपी कार्यालयों का घेराव

### चार दिन, 24 जिलों में प्रदर्शन

भाजपा के कार्यक्रम के मुताबिक 8 सितंबर को रांची, दुमका, हजारीबाग, गिरिडीह, जमशेदपुर और गढ़वा में प्रदर्शन होगा। 9 सितंबर कोडरमा, साहिबगंज, बोकारो, पलामू, सिमडेगा और चाईबासा में, 10 सितंबर को सरायकेला, पाकुड़, धनबाद, गुमला, लातेहार और चतरा में तथा 11 सितंबर को रामगढ़, देवघर, लोहरदगा, खूंटी, गोड्डा और जामताड़ा में घेराव किया जाएगा।

## अब 11 सितंबर को आयोजित होगा जन विश्वास अभियान

● भोपाल,

प्रदेश में शनिवार (5 सितंबर) को आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान स्थगित कर दिया गया है। अब जन विश्वास अभियान 11 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत सभी मंत्री और अधिकारी मैदानी दौरा करेंगे।

बता दें कि प्रत्येक शुक्रवार को जन विश्वास अभियान आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी होने के कारण 5 सितंबर को अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, पर अपरिहार्य कारण से इसे स्थगित कर दिया गया है। अब जन विश्वास अभियान 11 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

### भारत के लिए खतरा | 16 बेहद खतरनाक हैं, फटी तो मच सकती है निचले इलाके में नेपाल-तिब्बत जैसी भारी तबाही

## सिक्किम में हुई 40 खतरे वाली ग्लेशियर लेक की पहचान

● नई दिल्ली

सिक्किम के हिमालय में 40 ऐसी हिमनद झीलों की पहचान की गई है, जिन्हें खतरनाक श्रेणी में रखा गया है। इनमें से 16 बहुत ही खतरनाक बताए गए हैं, जिनके फटने का बहुत ज्यादा खतरा है और अगर ऐसा हुआ तो भारत के निचले इलाके में तबाही मच सकती है।

ग्लेशियर लेक ग्लेशियर के पिघलने और ग्लेशियर की सतह के बीच पिघले हुए पानी के जमा होने से बनती है। ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड वह घटना है, जिसमें किसी भी वजह से ऐसी झीलें अचानक फट जाती हैं। यह ज्यादा पानी जमा हो जाने या भूकंप जैसी प्राकृतिक घटनाओं की वजह से भी हो सकता है। किसी मानवीय गतिविधि की वजह से भी ऐसा होना संभव है। सिक्किम में जीएलओएफ रिस्क मिटिगेशन से जुड़े एक मीडिया वर्कशॉप में गुरुवार को प्रिंसिपल सेक्रेटरी संदीप तांबे ने कहा कि ग्लेशियर में हो रहे बदलावों की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट इमेजनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन 40 ज्यादा खतरनाक (हाई-हजार्ड) झीलों की पहचान की गई है इनमें से 16 बहुत ज्यादा खतरनाक (ए-हाइएस्ट रिस्क), 2 अधिक खतरनाक (बी-हाई रिस्क) और 9 को सामान्य या कम खतरनाक (सी- मॉडरेट से लो रिस्क) श्रेणी में रखा गया है, जबकि बाकी 13 की श्रेणी नहीं तय की गई है। 2023 अक्टूबर में सिक्किम ऐसी तबाही झेल चुका है। तब अचानक आई बाढ़ से मंगन, गंगटोक, पाकयोंग और नामची जिलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई थी और इलाके में भारी नुकसान हुआ था। कई पर्यटक भी इसकी चपेट में आए थे। इस घटना में चुंगथांग बांध भी नष्ट हो गया, जो बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा था।



### अर्ली-वॉर्निंग सिस्टम का प्रस्ताव

**सिक्किम** के साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी डीजी श्रेष्ठा के मुताबिक के गुरुवार को केंद्रीय गृह सचिव ने हिमायल के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के साथ इन खतरों और हिम स्खलन से जुड़े जोखिमों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की है। इस बैठक में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव के अलावा प्रदेश आपदा प्रबंधन के अधिकारी, गृह मंत्रालय, एनडीएमए, केंद्रीय जल आयोग, मौसम विभाग और डिफेंस जियोइंफॉर्मेटिक्स रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के अधिकारी शामिल हुए।

### जीएलओएफ रिस्क प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है सिक्किम

**सिक्किम** जीएलओएफ (ग्लेशियर झील के फटने से आने वाली बाढ़) के जोखिम से निपटने के लिए देश के पहले रिस्क प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है। इस प्रोटोकॉल का मकसद जीएलओएफ का अनुमान लगाने के लिए वैज्ञानिक प्रोटोकॉल तैयार करना है, जिससे इसके जोखिमों को कम से कम किया जा सके। सिक्किम सरकार के मुताबिक वह जो प्रोटोकॉल बना रहा है, वह हिमालय के अन्य क्षेत्रों के लिए मॉडल के तौर पर काम कर सकता है। तांबे ने कहा कि सभी झीलों पर एक ही तरह की रणनीति नहीं अपनाई जा सकती, इसलिए ल्होनक कॉम्पलेक्स, शाको छो लेक और गुरुदोंग्मार कॉम्पलेक्स के लिए अलग-अलग प्रस्ताव हैं। सिक्किम सरकार ने शाको छो लेक को ग्लेशियर झील के फटने से आने वाली बाढ़ को लेकर सबसे कमजोर के रूप में पहचान की है। इसपर एक डीपीआर एनडीआरएफ को भेजी गई है और वहीं जल शक्ति मंत्रालय को प्राथमिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट दी गई है।

## छात्र के माथे से तिलक हटाने वाली शिक्षिका निलंबित

**कोलकाता, आरएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद कोलकाता के एक निजी मिशनरी स्कूल ने एक शिक्षिका को निलंबित कर दिया। शिक्षिका पर आरोप है कि वह एक छात्र के माथे पर लगा चंदन का तिलक बार-बार हटा देती थी। अधिकारी ने बताया कि शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह आरोप मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया, जिसके बाद प्रशासन ने मामले की जांच की और शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी को भी निलंबित करने की घोषणा की। आरोप है कि उक्त कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# भीलवाड़ा निकाय चुनाव : महापौर चयन से पहले ही कुर्सी की जंग तेज...!

## आधा दर्जन से ज्यादा महिला दावेदारों ने बढ़ाई राजनीतिक सरगर्मी, पार्षद की कुर्सी के लिए भी घमासान; जनता पूछ रही-शहर का क्या होगा...?

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही भीलवाड़ा में महापौर चयन से पहले ही कुर्सी की जंग तेज हो गई है। आधा दर्जन से अधिक महिला दावेदार महापौर की कुर्सी पर नजरें गड़ाए बैठी हैं। दूसरी ओर पार्षद बनने के लिए भी दावेदारों की लंबी फौज मैदान में है। टिकट, समर्थन और राजनीतिक समीकरणों को लेकर अंदरखाने जोर आजमाइश शुरू हो चुकी है। लेकिन इस पूरी राजनीतिक कवायद के बीच शहर का मतदाता एक सीधा सवाल पूछ रहा है—कुर्सी के लिए इतनी बेचैनी है, लेकिन भीलवाड़ा के विकास की चिंता किसे है?

**महापौर कौन? फैसला बाद में, दावेदारी अभी से तेज!**

महापौर का चयन चुनाव परिणाम और बोर्ड की स्थिति के बाद होगा, लेकिन कुर्सी के संभावित दावेदारों ने अभी से राजनीतिक बिसात बिछानी शुरू कर दी है। कौन किस खेमे में है? किसके पीछे कौन-सी ताकत खड़ी है? किसका राजनीतिक वजन भारी है? और किसके पक्ष में पार्षदों का समर्थन जुट सकता है?

इन सवालों को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

क्या महापौर की कुर्सी के लिए शुरू हुई यह दौड़ शहर के विकास की दौड़ में भी बदलेगी?

कुर्सी के लिए घमासान, जनता के मुद्दे कहां?

चुनाव आते ही राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। दावेदार टिकट और समर्थन के लिए राजनीतिक आकाओं से संपर्क साध रहे हैं। कोई अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहा है तो कोई विरोधी खेमे की घेराबंदी में जुटा है।

लेकिन जनता पूछ रही है—यह पूरी कवायद शहर के विकास के लिए है या सिर्फ सत्ता और कुर्सी हासिल करने के लिए?

पार्षद बनने के इच्छुक दावेदार भी अपने-अपने वार्डों में सक्रिय हैं। मगर मतदाता इस बार केवल चेहरा, पार्टी या राजनीतिक पहचान देखकर वोट करेगा? या फिर पिछले पांच साल का हिसाब भी मांगेगा?

जनता पूछ रही—सड़क, सफाई और ट्रैफिक का क्या?

भीलवाड़ा शहर की समस्याएं किसी से छिपी नहीं हैं। सड़कें, सफाई, जलभराव, यातायात, पार्किंग, अतिक्रमण, पेयजल, सीवरेज और आवारा पशु जैसे मुद्दे आज भी जनता की परेशानी बने हुए हैं।

तो फिर सवाल उठना लाजिमी है—चुनाव के समय जनता की याद आती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद यही समस्याएं क्यों नजर नहीं आतीं?

महापौर पद के दावेदारों से जनता पूछ सकती है—शहर की पहली प्राथमिकता क्या होगी? पहले 100 दिन में क्या करेंगे? और पांच साल बाद भीलवाड़ा को कहां खड़ा देखना चाहते हैं?

पिछला महापौर कार्यकाल बना राजनीतिक आईना

नगर निगम का पिछला महापौर कार्यकाल शहर की जनता देख चुकी है। अब उपलब्धियों के दावों और जमीनी हकीकत का फैसला भाषणों से नहीं, बल्कि जनता के वोट से होगा।

जनता के सामने सवाल है—पिछले कार्यकाल में शहर को क्या मिला? क्या बदला? कौन से वादे पूरे हुए और कौन से अधूरे रह गए?

यही सवाल इस चुनाव में महापौर और पार्षद पद के प्रत्येक दावेदार के सामने खड़े होंगे।

पार्षद की कुर्सी भी कम महत्वपूर्ण नहीं

महापौर की कुर्सी को लेकर भले ही सबसे ज्यादा चर्चा हो, लेकिन निगम की असली ताकत वार्डों से होकर गुजरती है। पार्षद ही अपने-अपने वार्ड की जनता के सीधे संपर्क में रहते हैं।

इसलिए वार्डों में भी सवाल उठ रहा है—सड़क कब बनेगी? नालियां कब सुधरेंगी? सफाई व्यवस्था कब पटरी पर आएगी? जलभराव से कब निजात मिलेगी?

क्या प्रत्याशी इन सवालों के जवाब लेकर जनता के बीच जाएंगे या फिर चुनावी मौसम में एक बार फिर वादों की पोटली ही बांटी जाएगी?

इस बार जनता सिर्फ वोट नहीं, हिसाब भी देगी!

महापौर की कुर्सी के लिए दावेदार कितने भी हों, राजनीतिक खेमेबंदी कितनी भी तेज हो और समीकरण कितने भी बदलें—अंतिम फैसला जनता करेगी।

इस बार मुकाबला सिर्फ प्रत्याशियों के बीच नहीं, बल्कि वादों और काम, राजनीति और विकास तथा कुर्सी और जनता की उम्मीदों के बीच भी होगा।

महापौर की कुर्सी किसके हिस्से आएगी? कौन पार्षद बनेगा? किसका बोर्ड बनेगा? इन सवालों का जवाब चुनाव परिणाम देगा।

लेकिन उससे बड़ा सवाल यह है—क्या इस बार भीलवाड़ा को सिर्फ नया महापौर और नए पार्षद मिलेंगे, या शहर को विकास की नई दिशा भी मिलेगी?

कुर्सी के दावेदार बहुत हैं... शहर के सवाल भी बहुत हैं। अब जनता किसे चुनती है—कुर्सी का खिलाड़ी या विकास का जिम्मेदार चेहरा?

## 17 सिंबल का विवाद बना कांग्रेस में बगावत की वजह!

### पेढ़ीवाल का बड़ा आरोप 'कमल कांग्रेस' ने पार्टी को पहुंचाया नुकसान, डोटासरा से मांगा जवाब

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत** भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के 17 सिम्बल जमा नहीं करवाने को लेकर अब वरिष्ठ पदाधिकारी आवाज उठाने लगे है। पहले जहां कांग्रेस के मनोज पालीवाल ने इसको लेकर गंभीर आरोप लगाएं तो वहीं अब कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी संजय पेढ़ीवाल ने लिस्ट लेकर आने वाले पर्यवेक्षक पर गंभीर आरोप लगाएं है। उन्होने राष्ट्रीय




अध्यक्ष और राहुल गांधी से इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग रखी है। उन्होने चेतावनी दी कि यदी इस मामले में प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा कोई जवाब नहीं देते है वह अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेगें। कांग्रेस वरिष्ठ पदाधिकारी संजय पेढ़ीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 17 सिंबल जमा नहीं हो सके इसको लेकर मुझे बेहद दुख हो रहा है। मैं खुद को वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मानता हूं और भले ही आज मेरे पास कोई पद नहीं है लेकिन नगर निगम चुनाव में मैंने शहर अध्यक्ष जी.पी. जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। वार्ड 1 से 23 तक पार्टी के मजबूत प्रत्याशियों को टिकट मिले इसके लिए मैंने अपनी तरफ से सुझाव और सूची भी दी। मेरा मानना था कि इस बार कांग्रेस का बोर्ड बन रहा था। पिछले चुनाव में भाजपा को करीब 44 प्रतिशत और कांग्रेस को 32 प्रतिशत वोट मिले थे। हमें उम्मीद थी कि करीब 8 प्रतिशत का स्विंग कांग्रेस के पक्ष में आएगा और हम बोर्ड बनाने की स्थिति में थे मगर कुछ लोग है जिन्हें मैं कमल कांग्रेस कहता हूं, उन्होंने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। मेरी इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को अगर अनुशासनहीनता माना जाता है तो भी मुझे कोई डर नहीं है। मैं पद का लोभी नहीं हूं, कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा सक्रिय कार्यकर्ता हूं और हमेशा रहूंगा। सिंबल लेकर आए वर्यवेक्षक के सवाल पर पेढ़ीवाल ने कहा कि पर्यवेक्षक की भूमिका, होटल में हुई बैठक और पूरी प्रक्रिया को लेकर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को जवाब देना चाहिए। मेरी लड़ाई किसी व्यक्ति से नहीं, कांग्रेस को मजबूत करने के लिए है। अगर डोटासरा जी से जवाब नहीं मिला तो सांकेतिक रूप से जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठूंगा।

## टोंक में निकाय चुनाव से पहले ऑनलाइन सट्टा पकड़ा-33.25 लाख रुपए कैश जब्त,

.

स्मार्ट हलचल

टोंक/निवाई । निकाय चुनाव की वोटिंग से कुछ दिन पहले टोंक में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 33 लाख 25 हजार 500 रुपए की नकदी बरामद की है। जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) और निवाई थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में मुख्य आरोपी राजाराम गुर्जर निवासी चाकसू, हाल



निवासी निवाई को गिरफ्तार किया गया है। एसपी के निर्देश पर डीएसटी टीम की कार्रवाई टोंक पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा (आईपीएस) के निर्देशन में डीएसटी टीम और निवाई थाना पुलिस ने क्षेत्र में संचालित अवैध ऑनलाइन गैम्बलिंग नेटवर्क के खिलाफ छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से सट्टा संचालित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नकदी तथा तीन मोबाइल फोन जब्त किए।

### मोबाइल फोन में मिले सट्टे के लेन-देन के सबूत

पुलिस जानकारी के अनुसार, जब्त मोबाइल फोन की प्रारंभिक जांच में करीब 5 लाख रुपए की ऑनलाइन सट्टा लाइनों, लेन-देन और मास्टर आईडी से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। पुलिस अब इन डिजिटल साक्ष्यों की गहनता से जांच कर रही है कि यह आईडी मुख्य रूप से कहां से संचालित हो रही हैं और इसको संचालित करने वाला मुख्य आरोपी कौन हैं, इसका लिंक किन-किन लोगों तक जुड़ा हुआ हैं। निकाय चुनाव के माहौल में इतनी बड़ी नकद राशि बरामद होने से स्थानीय स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है। हालांकि पुलिस इसे फिलहाल ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़ा मामला मानकर जांच कर रही है और इस बात की भी पड़ताल की जा रही है कि बरामद रकम का इस्तेमाल किसी चुनावी गतिविधि में तो नहीं किया जाना था।

### पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी पुलिस

एसपी रोशन मीणा ने बताया कि निवाई थाने में आरोपी राजाराम गुर्जर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब पूरे सट्टा नेटवर्क की पड़ताल में जुटी है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नेटवर्क का मास्टरमाइंड किन-किन लोगों के संपर्क में था और बरामद नकदी किन लेन-देन से जुड़ी हुई है। पुलिस की कार्रवाई से ऑनलाइन सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

## श्रीकृष्ण इस धरती पर अंधकार को मिटाकर उजाला बाँटने के लिए अवतरित हुए प्रतिभा श्रीजी


स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। सेन्थी शांतिभवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में साध्वी श्री प्रतिभा श्री जी म.सा. ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बताया कि भारतीय संस्कृति मे आज का दिन विशिष्ट है चाहे वैदिक संस्कृति हो या श्रमण संस्कृति। दोनो संस्कृतियों मे श्री कृष्ण का विशिष्ट स्थान है। भादवा वदी अष्टमी के अंधेरे में इस महापुरुष ने उजाला बांटने के लिए जन्म लिया। प्रत्येक व्यक्ति आध्यात्म के चार धरातलो पर जीता है। श्री कृष्ण ने शरीर के लिए कर्मयोग बुद्धि के लिए ज्ञान योग मन के लिए भक्तियोग तथा आत्मा के लिए बुद्धि योग का मार्ग बताया। प्रत्येक व्यक्ति को इन चारो मार्गो के मध्य जीना चाहिए। कृष्ण के जन्म की परिस्थितियां सोचे तो हमारा मन काँप उठेगा। जन्म कारागार मे एवं बाहर नंगी तलवारो का पहरा। चारो ओर भय व आतंक का साया मंडरा रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों मे बालयोगेश्वर कृष्ण इस धरती पर अवतरित हुए थे। प्रवचन में स्थानीय सहित चित्तौड़ शहर एवं आसपास से कही गांवों से श्रावक श्राविकाएं पहुंच रहे है, बाहर से आये अतिथियों का श्री संघ सेन्थी ने अभिनन्दन किया।

## वोट डालने से नहीं रोक सकेगा काम, मतदान दिवस पर मिलेगा सवैतनिक अवकाश

### निकाय चुनाव में मतदान बढ़ाने की कवायद, कर्मचारी की मजदूरी काटी तो नियोक्ता पर होगी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर निकाय चुनाव में हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। मतदान दिवस पर संबंधित नगरीय निकाय के मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश मिलेगा। यानी वोट डालने के लिए छुट्टी लेने पर कर्मचारी या श्रमिक की मजदूरी में कोई कटौती नहीं की जा सकेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देश के अनुसार प्रथम चरण में 9 सितंबर और द्वितीय चरण में 11 सितंबर 2026 को होने वाले मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के पात्र कर्मचारी, श्रमिक एवं अन्य नियोजित व्यक्तियों को सवैतनिक अवकाश देना अनिवार्य होगा।

**वेतन काटा तो कार्रवाई**

कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले पात्र मतदाताओं को अवकाश के कारण किसी तरह की मजदूरी कटौती नहीं झेलनी पड़ेगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मतदान के अधिकार के रास्ते में नौकरी या मजदूरी बाधा नहीं बननी चाहिए।

निर्देशों की पालना के लिए जिला उद्योग केन्द्र, रीको, श्रम विभाग और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नियोक्ताओं पर भी प्रशासन की नजर**

निर्देशों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। ऐसे मामले में 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि, जिस कर्मचारी की अनुपस्थिति से प्रतिष्ठान में गंभीर खतरे या सारवान नुकसान की आशंका हो, उस पर यह प्रावधान लागू नहीं होगा। प्रशासन का संदेश साफ है—निकाय चुनाव में मतदाता वोट डालने जरूर पहुंचे, और इसके लिए नौकरी या मजदूरी का नुकसान उसकी मजबूरी नहीं बनेगा।

## रंग काला हो तो चलेगा, मन काला नहीं होना चाहिए : आचार्य रामदयाल

### जन्माष्टमी पर कृष्ण चरित्र का गुणगान, भगतरामजी महाराज के निर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा / माणिक्यनगर** रामद्वारा धाम में चल रहे 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के तहत जन्माष्टमी पर आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने भगवान कृष्ण के चरित्र से जीवन में प्रेम, कर्म और राष्ट्रधर्म की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। दैनिक सत्संग में उन्होंने कहा, 'शरीर का रंग काला हो तो कोई बात नहीं, लेकिन मन काला नहीं होना चाहिए। विचार काले नहीं, निराले होने चाहिए।' उन्होंने कहा कि कृष्ण का रंग भले ही सांवला था, लेकिन उनके विचार और कर्म असाधारण थे। आचार्यश्री ने कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन प्रेम और कर्म का संदेश देता है। जरूरत पड़े तो बांसुरी छोड़ सुदर्शन चक्र धारण करने का साहस भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामस्नेही सम्प्रदाय का इष्ट राम हैं, लेकिन कृष्ण का धर्म कर्म की प्रेरणा देता है।

**भगतरामजी महाराज को श्रद्धांजलि**

जन्माष्टमी के साथ पूज्य सद्गुरु भगतरामजी महाराज के निर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आचार्यश्री ने उनके जीवन और साधना से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वे सरलता, सहजता और प्रभु भक्ति के प्रतीक थे तथा रामनाम साधना में उनका योगदान अनुकरणीय रहा।

**नेपाल में आई बाढ़ की त्रासदी पर भी आचार्यश्री ने दुख जताते हुए पीड़ितों के लिए प्रार्थना की।**

सत्संग से पूर्व संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री की आरती की। रामद्वारा में प्रतिदिन वाणी पाठ, संध्या आरती और भक्तमाल कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**13 से विराट भागवत ज्ञान सप्ताह**

माणिक्यनगर रामद्वारा में 13 से 20 सितंबर तक श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह होगा। इस दौरान 108 वेदपाठी विद्वानों द्वारा 108 भागवत मूल पाठ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन भागवत कथा और वाणीजी के प्रवचन होंगे। भागवत कथा का वाचन संत मनोरथरामजी राम मचलाना करेंगे।

# भीलवाड़ा की निकाय जंग में सीएम भजनलाल का 'मास्टर स्ट्रोक'!

## शनिवार को रोड शो से भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती...

### नगर निगम की सत्ता के लिए आर-पार की लड़ाई के बीच मुख्यमंत्री खुद मैदान में;

### हजारों कार्यकर्ताओं के साथ शहर में उतरेंगे, 10 पालिकाओं के प्रत्याशियों को भी साधेंगे

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा ।** भीलवाड़ा की निकाय राजनीति में चुनावी पारा अब उबाल पर है। नगर निगम की सत्ता पर कब्जे को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रही रस्साकशी के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शनिवार को भीलवाड़ा दौरा भाजपा की चुनावी रणनीति का बड़ा दांव माना जा रहा है। चुनाव प्रचार के निर्णायक दौर में मुख्यमंत्री का खुद मैदान में उतरना इस बात का संकेत है कि भाजपा ने भीलवाड़ा नगर निगम की लड़ाई को बेहद गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री के रोड शो के जरिए भाजपा एक साथ कई संदेश देने की तैयारी में है कार्यकर्ताओं में जोश, संगठन की ताकत का प्रदर्शन, प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल और कांग्रेस के सामने राजनीतिक चुनौती।

**सांगानेरी गेट से निकलेगा सियासी शक्ति प्रदर्शन**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह 11 बजे श्री दूधाधारी गोपाल मंदिर, सांगानेरी गेट से विशाल रोड शो शुरू करेंगे। रोड शो बड़ा मंदिर होते हुए महाराणा टॉकीज चौराहे तक पहुंचेगा। भाजपा की कोशिश है कि रोड शो में जिलेभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पार्षद प्रत्याशियों और समर्थकों को जुटाया जाए। यदि पार्टी अपने लक्ष्य के अनुरूप भीड़ जुटाने में सफल रहती है तो यह चुनावी मैदान में भाजपा के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त का संदेश बन सकता है।

**नगर निगम ही नहीं, 10 पालिकाओं पर भी नजर**

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम केवल भीलवाड़ा नगर निगम तक सीमित नहीं है। भाजपा के अनुसार जिले की 10 नगर पालिकाओं के प्रत्याशियों के पक्ष में भी चुनावी माहौल तैयार किया जाएगा। यानी भाजपा मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और सरकार के चेहरे को स्थानीय निकाय चुनाव में उतारकर स्थानीय मुकाबले को व्यापक राजनीतिक नैरेटिव देने की कोशिश कर रही है।

**रोड शो के बाद होगी असली 'चुनावी क्लास'**

रोड शो के बाद मुख्यमंत्री भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिले के प्रमुख नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। राजनीतिक नजरिए से यह बैठक रोड शो से भी ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यहां मुख्यमंत्री से जिले की चुनावी स्थिति, वार्डवार समीकरण, प्रत्याशियों की स्थिति और संगठन की तैयारियों को लेकर फीडबैक साझा किया जाएगा। मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन मिलने के बाद भाजपा संगठन चुनाव के अंतिम चरण में बूथ स्तर तक अपनी रणनीति को और धार देने की कोशिश करेगा।

**भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती, शक्ति प्रदर्शन को वोट में बदलना**

मुख्यमंत्री का रोड शो भाजपा के लिए माहौल बनाने का बड़ा अवसर है, लेकिन चुनाव की असली परीक्षा वार्डों में होगी। निकाय चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी की पकड़, व्यक्तिगत संपर्क, सामाजिक समीकरण और स्थानीय मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिए भाजपा के सामने चुनौती सिर्फ भीड़ जुटाने की नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री के रोड शो से पैदा होने वाले राजनीतिक उत्साह को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की होगी।

**कांग्रेस भी देखेगी भाजपा के 'शक्ति प्रदर्शन' की काट**

मुख्यमंत्री के दौरे ने कांग्रेस की चुनावी रणनीति के सामने भी चुनौती खड़ी कर दी है। भाजपा जहां मुख्यमंत्री के चेहरे और सरकार के कामकाज के सहारे माहौल बनाने की कोशिश करेगी, वहीं कांग्रेस के सामने स्थानीय मुद्दों को लेकर भाजपा को घेरने और अपने संगठन को सक्रिय करने की चुनौती होगी।

भीलवाड़ा की सियासत में अब मुकाबला केवल भाजपा बनाम कांग्रेस प्रत्याशियों का नहीं रह गया है, बल्कि दोनों दल इसे अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के मौके के रूप में देख रहे हैं।

**भाजपा की पूरी चुनावी टीम जुटी**

मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, नगर निगम प्रभारी वीरमदेव सिंह, जिला संगठन सह प्रभारी मिठूलाल जाट, विधायक अशोक कोठारी, उदयलाल भडाना, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर एवं कन्हैयालाल जाट सहित प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक में रोड शो को सफल बनाने और मुख्यमंत्री के संगठनात्मक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रणनीति तय की गई।

**सीएम का टाइट शेड्यूल, लेकिन संदेश बड़ा**

मुख्यमंत्री 10.50 बजे जयपुर से रवाना होकर 11.50 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, भीलवाड़ा पहुंचेंगे। इसके बाद रोड शो सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद दोपहर 2.10 बजे उदयपुर रवाना होंगे।

**अब भीलवाड़ा में सवाल सीएम की एंट्री से किसका पलड़ा भारी?**

निकाय चुनाव की इस सियासी जंग में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की एंट्री ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा इसे शक्ति प्रदर्शन और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का हथियार बना रही है, जबकि कांग्रेस के सामने इस बड़े राजनीतिक आयोजन की काट तलाशने की चुनौती है। अब निगाहें शनिवार के रोड शो पर हैं सड़क पर उमड़ने वाली भीड़ सिर्फ संख्या नहीं होगी, बल्कि चुनावी माहौल को लेकर भाजपा के दावे की पहली राजनीतिक परीक्षा भी होगी। इसके बाद असली लड़ाई वार्डों की गलियों और मतदान केंद्रों पर होगी, जहां मुख्यमंत्री का संदेश कितना असर छोड़ता है, यही भीलवाड़ा की निकाय सत्ता की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

# शाहपुरा में सियासी शतरंज बिछी, 23,438 वोटर करेंगे 110 प्रत्याशियों का फैसला...

## 35 वार्डों में सियासी संग्राम, कहीं भाई-भाई आमने-सामने, कहीं ससुर-पुत्रवधू की टक्कर

### निर्दलीय और 'जिला बचाओ' मोर्चा बिगाड़ सकता है कांग्रेसभाजपा का गणित...




स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा। मूलचन्द पेसवानी** शाहपुरा में नगर पालिका चुनाव का सियासी रण अब पूरी तरह सज चुका है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 35 वार्डों में 110 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। अब शाहपुरा के 23,438 मतदाता 35 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर इन प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। इस बार का चुनाव सिर्फ पार्षद चुनने तक सीमित नहीं दिखाई दे रहा, बल्कि यह स्थानीय राजनीति में किसका जनाधार मजबूत है, किसकी जमीन खिसक रही है और कौन नया चेहरा पुराने समीकरणों को पलट सकता है, इसका भी बड़ा इम्तिहान बन गया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबले के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी ने कई वार्डों में चुनावी तस्वीर उलझा दी है। वहीं शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबले में तीसरा राजनीतिक कोण भी उभर आया है। कहीं पुराने दिग्गज फिर मैदान में हैं, तो कहीं पहली बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी मतदाताओं से बदलाव का मौका मांग रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ वार्डों में राजनीति ने पारिवारिक रंग भी ले लिया है। कहीं भाई-भाई आमने-सामने हैं तो कहीं ससुर-पुत्रवधू चुनावी मैदान में हैं।

**23,438 मतदाता तय करेंगे 110 प्रत्याशियों का भविष्य**

रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने बताया कि 3 सितंबर 2026 को अपराह्न 3 बजे नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद नगर पालिका के 35 वार्डों में कुल 110 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। शाहपुरा में 35 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 23,438 मतदाता मतदान कर नगर पालिका के अगले बोर्ड की तस्वीर तय करेंगे। इन मतदाताओं का फैसला केवल 35 पार्षदों का चयन नहीं करेगा, बल्कि यह भी तय करेगा कि नगर पालिका में आने वाले समय में किस राजनीतिक दल की पकड़ मजबूत होगी और बोर्ड की राजनीति की दिशा कौन तय करेगा।

**वार्ड 14 और 26 में पांच-पांच प्रत्याशी, वोटों का बंटवारा बनेगा बड़ा फैक्टर**

सभी 35 वार्डों में मुकाबला एक जैसा नहीं है। वार्ड नंबर 14 और वार्ड नंबर 26 में सबसे अधिक पांच-पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन वार्डों में मुकाबला बहुकोणीय होने के कारण वोटों का विभाजन जीत-हार का सबसे बड़ा फैक्टर बन सकता है। एक प्रत्याशी के पक्ष में वोटों का मामूली झुकाव भी परिणाम का रुख बदल सकता है। ऐसे में इन दोनों वार्डों में राजनीतिक दलों की रणनीति के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका पर भी खास नजर रहेगी।

**कांग्रेस के अनुभवी चेहरे फिर मैदान में-**

कांग्रेस ने इस चुनाव में कई पुराने और अनुभवी चेहरों पर भरोसा जताया है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशी रमेश सेन के अनुसार पार्टी के कई प्रत्याशी पूर्व में नगर पालिका की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। वार्ड नंबर 6 से नमन ओझा और वार्ड नंबर 23 से मधु पोडिक पूर्व में नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद संभाल चुके हैं। ऐसे में इन दोनों प्रत्याशियों के सामने अपने पुराने राजनीतिक प्रभाव को फिर मतों में बदलने की चुनौती है। वार्ड नंबर 15 से रमेश सेन का चुनावी अनुभव भी लंबा है। वे चार बार लगातार पार्षद, एक बार मनोनीत पार्षद और एक बार प्रतिपक्ष नेता रह चुके हैं। इस बार वे फिर चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में उनके लिए यह चुनाव व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिष्ठा का सवाल भी माना जा रहा है। कांग्रेस के कई अन्य अनुभवी चेहरे भी मैदान में हैं। मधु शर्मा, इशाक मोहम्मद, नाथूलाल कोली, ओमप्रकाश सेन, रुखसाना बानो और रचना मिश्रा दूसरी बार पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें रचना मिश्रा प्रतिपक्ष नेता की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं। यानी कांग्रेस के सामने कई वार्डों में अनुभव बनाम नए चेहरे की जंग है। अब मतदाता पुराने अनुभव पर भरोसा जताते हैं या नई पीढ़ी को मौका देते हैं, इसका फैसला चुनाव परिणाम करेगा।

**भाजपा के पुराने खिलाड़ी भी मैदान में, प्रतिष्ठा की परीक्षा**

भाजपा के वरिष्ठ पार्षद स्वराज सिंह शेखावत के अनुसार भाजपा की ओर से भी कई अनुभवी चेहरे चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा व नगर भाजपा अध्यक्ष पंकज सुगंधी प्रमुख है। स्वराज सिंह शेखावत तीन बार पार्षद रह चुके हैं और चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। लंबे राजनीतिक अनुभव के बावजूद इस बार उनके सामने फिर से मतदाताओं का भरोसा हासिल करने की चुनौती है। ज्ञानचंद धाकड़ का चुनावी सफर भी खासा दिलचस्प है। वे दो बार निर्दलीय और एक बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं तथा अब चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। वे नगर पालिका में एक बार उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। ऐसे में उनका मुकाबला केवल पार्टी के टिकट का नहीं, बल्कि उनके व्यक्तिगत जनाधार का भी इम्तिहान माना जा रहा है। इसके अलावा राजेश सोलंकी, रमेश मारू और गोपाल घूसर एक बार निर्दलीय तथा एक बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं और अब तीसरी बार मैदान में हैं। मोहन गुर्जर तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि योगेश पारीक, पूजा कोली, ललिता कहार और ईश्वर भील दूसरी बार पार्षद पद के लिए मैदान में उतरे हैं। इससे साफ है कि भाजपा भी कई वार्डों में पुराने चेहरों के सहारे अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश में है।

**शाहपुरा में चुनावी मैदान ने लिया पारिवारिक रंग**

इस चुनाव की सबसे दिलचस्प तस्वीरों में पारिवारिक मुकाबले भी शामिल हैं। कांग्रेस के चुनावी मैदान में दो जोड़े और दो भाई होने की बात सामने आई है। वहीं एक जोड़ा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में है। कांग्रेस प्रत्याशी लादू लाल खटीक और उनकी पुत्रवधू ममता चावला भी अलग-अलग वार्डों से चुनाव लड़ रहे हैं। एक ही परिवार के दो सदस्यों के चुनाव मैदान में होने से राजनीतिक गलियारों में परिवार के प्रभाव और जनाधार को लेकर चर्चाएं तेज हैं। वहीं वार्ड नंबर 34 से निर्दलीय हमीद खां और वार्ड नंबर 1 से उनकी पत्नी सलमा बानो भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। यानी शाहपुरा में इस बार मुकाबला केवल भाजपा बनाम कांग्रेस नहीं है। कई वार्डों में व्यक्तिगत संबंध, परिवार, पुराने संपर्क और व्यक्तिगत जनाधार भी चुनावी समीकरण का हिस्सा बन गए हैं।

**निर्दलीय प्रत्याशी, किसका वोट काटेंगे, किसकी राह रोकेंगे?**

निकाय चुनावों में निर्दलीय प्रत्याशी अक्सर हार-जीत के अंतर से ज्यादा बड़ा प्रभाव डालते हैं। वे स्वयं जीतें या नहीं, लेकिन यदि किसी प्रमुख प्रत्याशी के वोटों में सेंध लगा दें तो पूरा चुनावी गणित बदल सकता है। शाहपुरा में भी कई वार्डों में निर्दलीयों की मौजूदगी कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए चुनौती बन सकती है। सवाल यह है कि निर्दलीय प्रत्याशी किसके पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाएंगे? यदि वोटों का विभाजन हुआ तो इसका सीधा फायदा उस प्रत्याशी को मिल सकता है, जो कम वोटों के बावजूद बढ़त बनाने में सफल हो जाए।

**'जिला बचाओ' मोर्चा ने बढ़ाई राजनीतिक हलचल**

शाहपुरा नगर पालिका चुनाव में शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा की चुनावी मौजूदगी ने मुकाबले को और ज्यादा दिलचस्प बना दिया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले की उम्मीद कर रहे राजनीतिक विश्लेषकों के सामने अब तीसरा कोण भी है। मोर्चे के प्रत्याशी अपने मुद्दों और स्थानीय जनभावनाओं के आधार पर मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं।

अब बड़ा सवाल यही है कि मोर्चा किस दल के वोटों में सेंध लगाता है?

क्या उसका असर भाजपा के वोट बैंक पर पड़ेगा?

क्या कांग्रेस को नुकसान होगा?

या फिर मोर्चा दोनों दलों से नाराज मतदाताओं को अपने पक्ष में खींचकर एक अलग राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगा? इन सवालों का जवाब चुनाव परिणाम ही देगा। लेकिन इतना तय है कि मोर्चे की मौजूदगी ने दोनों प्रमुख दलों की रणनीति को प्रभावित किया है।

पुराने दिग्गज बनाम नए चेहरे, किसका पलड़ा भारी?

शाहपुरा के चुनाव में एक तरफ वर्षों से नगर पालिका की राजनीति में सक्रिय अनुभवी चेहरे हैं, तो दूसरी ओर पहली बार चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी हैं। अनुभवी प्रत्याशी अपने कार्यकाल, व्यक्तिगत संपर्क और पुराने जनाधार के भरोसे मैदान में हैं, जबकि नए चेहरे परिवर्तन, नई सोच और नए नेतृत्व का दावा कर रहे हैं। यही मुकाबला इस चुनाव को खास बना रहा है।

23,438 मतदाताओं के हाथ में बोर्ड की चाबी-

शाहपुरा के 35 वार्डों में होने वाले चुनाव में 23,438 मतदाता निर्णायक भूमिका निभाएंगे। 35 मतदान केंद्रों पर होने वाला मतदान तय करेगा कि अगले नगर पालिका बोर्ड में किस दल के कितने पार्षद पहुंचते हैं। बहुमत का गणित बनने के बाद अध्यक्ष पद को लेकर भी राजनीतिक सरगर्मियां तेज होना तय है। ऐसे में प्रत्येक वार्ड का परिणाम पूरे बोर्ड की तस्वीर बदल सकता है।

**अब हर वार्ड में एक ही चर्चा, कौन जीतेगा**

किसी के पास पार्टी का झंडा है तो किसी के पास व्यक्तिगत जनाधार। कोई वर्षों से राजनीति कर रहा है तो कोई पहली बार मतदाताओं के दरवाजे पर पहुंचा है। कोई बागी तेवरों के साथ निर्दलीय मैदान में है तो कोई जिला बचाओ के मुद्दे को लेकर जनता के बीच है। 110 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला भले ही 35 वार्डों में बंटा हो, लेकिन हर प्रत्याशी की नजर जीत पर है। अब देखना यह है कि 23,438 मतदाताओं की पसंद क्या कहती है।

**अनुभव, संगठन, नया चेहरा, व्यक्तिगत पकड़ या स्थानीय मुद्दे**

शाहपुरा का चुनाव परिणाम केवल पार्षदों की सूची नहीं देगा, बल्कि यह भी बताएगा कि शाहपुरा की स्थानीय राजनीति में किसका जनाधार मजबूत है और किसके सियासी किले में सेंध लग चुकी है। फैसला जनता की अदालत में होगा और 23,438 मतदाताओं का फैसला शाहपुरा की अगली सियासी तस्वीर लिखेगा।

## कोटड़ी श्याम में जन्माष्टमी की धूम, 36 झांकियों ने मोहा मन



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** धर्मनगरी कोटड़ी में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट के साथ भगवान श्रीकृष्ण की 25 सजीव तथा 11 स्वचलित झांकियां सजाई गईं जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया। झांकियों में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और धार्मिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। शाम होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी। भगवान के दर्शन एवं झांकियों को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोटड़ी पहुंचे।जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर मे विशेष पूजा-अर्चन, आरती एवंधार्मिक

आयोजन हुए। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कृष्ण जन्म के साथ ही अर्द्ध रात्रि में आरती के बाद 171 किलो पंजीरी प्रसाद का भोग लगा कर भक्तों को वितरित किया गया। श्रद्धालुओ ने उपवास रखा तथा देर रात में आरती के बाद प्रसाद ग्रहण कर उपवास खोला। सरसडी मठ के महंत दीपकपुरी महाराज, श्री चारभुजानाथ मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया, थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह, ट्रस्ट सचिव श्याम सुंदर चेचाणी, कोषाध्यक्ष चम्पा लाल तेली, ओम पालीवाल, पण्डित विष्णु शर्मा के मंत्रोचारण के साथ ही झांकियों की आरती की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व सरपंच धर्मचंद जीनगर, कैलाश काबरा, दर्शन कांटीवाल, राम प्रसाद वैष्णव, रामप्रसाद तिवारी, चारभुजा मंदिर की पुजारी सत्यनारायण पाराशर, संजय पाराशर, मनोज पारासर मौजूद थे। इसके अलावा आदर्श विद्या मन्दिर, सर्वेश्वर महादेव, पंचेश्वर महादेव, नीलेश्वर महादेव, बाड़िया के बालाजी सहित अनेक देवालयों व सार्वजनिक स्थलों पर भी आकर्षक झांकिया सजाई गई जिसे देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालु उमड़ते रहे।

## फार्मासिस्ट संघ की कमान पुरुषोत्तम चावला के हाथ, ऑनलाइन चुनाव में दर्ज की शानदार जीत

### ऑनलाइन ऐप से हुए मतदान में शिवराज बोरीवाल को 43 वोटों से हराया, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों व फार्मासिस्टों में हर्ष

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ]।** राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघएकीकृत के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष पद के चुनाव में पुरुषोत्तम चावला ने कड़े मुकाबले के बाद शानदार जीत दर्ज की है। पूरी तरह ऑनलाइन ऐप के माध्यम से पारदर्शी व्यवस्था के तहत हुए मतदान में चावला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवराज बोरीवाल को 43 मतों के अंतर से पराजित कर जिलाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही जिलेभर के फार्मासिस्टों में खुशी का माहौल बन गया और समर्थकों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। चुनाव पर्यवेक्षक सुरेश बिजारणिया एवं भगवान माहेश्वरी ने बताया कि इस बार संगठन के चुनाव पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था के तहत आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ऑनलाइन ऐप के माध्यम से संपन्न कराए गए। ऐप के जरिए हुए मतदान के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें पुरुषोत्तम चावला को विजयी घोषित किया गया। पुरुषोत्तम चावला के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भीलवाड़ा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा तथा डीपीसी अशोक खटवानी ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि चावला संगठन का नेतृत्व करते हुए फार्मासिस्ट कर्मचारियों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सजगता एवं मजबूती से कार्य करेंगे। चुनाव परिणाम घोषित होते ही जिलेभर के फार्मासिस्टों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर जिले के अनेक फार्मासिस्टों ने पुरुषोत्तम चावला का अभिनंदन कर उन्हें जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की बधाई दी।

## निकाय चुनाव : मतदान से पहले कार्मिकों की 'अग्निपरीक्षा'

### 1848 पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण, मॉक पोल से ईवीएम संचालन तक कराया अभ्यास; 5 सितंबर को अंतिम ट्रेनिंग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** (/नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर प्रशासन ने मतदान की तैयारियों को अंतिम दौर में पहुंचा दिया है। मतदान केंद्रों पर व्यवस्था संभालने वाले कार्मिकों को अब किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। महाराणा प्रताप सभागार में 3 से 5 सितंबर तक पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण चल रहा है। दो दिनों में 924 पीठासीन अधिकारियों और 924 प्रथम मतदान अधिकारियों सहित 1848 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण में केवल कागजी जानकारी तक सीमित रहने के बजाय कार्मिकों को ईवीएम का हैंड्स-ऑन अभ्यास, मॉक पोल और मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है।



**विशेष परिस्थितियों पर भी फोकस**

प्रशिक्षण में मतदान के दौरान आने वाली विशेष परिस्थितियों से निपटने के तरीके बताए गए। चैलेंज वोट, टेंडर वोट, दृष्टिबाधित एवं शिथिलांग मतदाताओं के लिए प्रावधान, मतदान केंद्र पर बरती जाने वाली सावधानियां और मतदान अधिकारियों के अधिकार एवं दायित्व समझाए गए। पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए सैद्धांतिक जानकारी देने के साथ ईवीएम संचालन का प्रत्यक्ष अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के बाद कार्मिकों की दक्षता जांचने के लिए टेस्ट भी लिया जा रहा है।

**डीईओ ने लिया प्रशिक्षण का जायजा**

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया और कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रक्रिया में निष्पक्षता, सतर्कता और निर्धारित नियमों की पालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 5 सितंबर को शेष कार्मिकों का अंतिम प्रशिक्षण होगा। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाली चुनावी टीमों की ट्रेनिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद ताहिर खान, नारायण लाल जागेटिया और बसंत बोरदिया के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया। ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण अनुराग जागेटिया, रविकांत व्यास एवं अन्य मास्टर ट्रेनर्स ने कराया।

## भीलवाड़ा में जुटेंगे देशभर के सर्जन, आधुनिक सर्जरी पर होगा महामंथन

### RAMAS 2026 का 18 वां वार्षिक सम्मेलन 5-6 सितम्बर को लाइव ऑपरेशन, रोबोटिक सर्जरी और AI पर विशेष सत्र...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / मिनिमलएक्सेस सर्जरी के क्षेत्र में राजस्थान का प्रमुख सम्मेलन RAMAS 2026 इस बार भीलवाड़ा में होगा। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन्स के 18वें वार्षिक सम्मेलन में देशभर से 500 से अधिक सर्जन्स, विशेषज्ञ और रेजिडेंट डॉक्टर जुटेंगे। कृष्णा हॉस्पिटल सचिवालय के रूप में तथा भीलवाड़ा के सर्जन्स के संयुक्त सहयोग से सम्मेलन की मेजबानी करेगा। शुक्रवार को गुलाब वाटिका में आयोजित पत्रकार वार्ता में ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. कैलाश काबरा ने बताया कि सम्मेलन से पहले 5 व 6 सितम्बर को डॉक्टरों का




सम्मेलन एवं वर्कशॉप आयोजित होगी। सम्मेलन में लैप्रोस्कोपिक यानी की-होल सर्जरी की अत्याधुनिक तकनीकों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे।

**लाइव ऑपरेशन बनेगा खास आकर्षण**

जयपुर, उदयपुर सहित विभिन्न शहरों के ऑपरेशन थिएटरों से आधुनिक सर्जरी का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। विशेषज्ञ ऑपरेशन के दौरान तकनीक और महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी देंगे। गॉल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स, विभिन्न प्रकार के हर्निया और जटिल आंतों की सर्जरी पर विशेष सत्र होंगे।

**रोबोटिक सर्जरी से AI तक चर्चा**

सम्मेलन में रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड लैप्रोस्कोपी, लेजर प्रोक्टोलॉजी, स्त्री रोग संबंधी मिनिमल एक्सेस सर्जरी और मास्टर वीडियो पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। पाइल्स, फिस्टुला, फिशर व पाइलोनाइडल साइनस के आधुनिक उपचार पर भी सत्र होंगे। डॉ. काबरा ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य केवल विशेषज्ञों का जुटान नहीं, बल्कि नई सर्जिकल तकनीकों और कौशल को युवा सर्जन्स तक पहुंचाकर अंततः उसका लाभ आम मरीजों तक पहुंचाना है। सम्मेलन के आयोजन में मेडिकल कॉलेज, सरकारी एवं निजी अस्पतालों के वरिष्ठ सर्जन्स, फैकल्टी और रेजिडेंट डॉक्टरों सहित भीलवाड़ा का पूरा सर्जिकल समुदाय जुटा है।

## जन्माष्टमी पर कबड्डी का रोमांच, 25 टीमों ने लिया हिस्सा



### नई अरवड़ ने उद्घाटन मुकाबले में पुरानी अरवड़ को हराया, शाम को होगा फाइनल

स्मार्ट हलचल

**अरवड़।** पुरानी अरवड़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जय बजरंग कबड्डी क्लब की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों सहित दूरदराज क्षेत्रों से कुल 25 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला नई अरवड़ और पुरानी अरवड़ की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नई अरवड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शाम को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल में विजेता टीम को 3100 रुपए तथा उपविजेता टीम को 2100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं।

## श्री द्वारकाधीश मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य जन्मोत्सव, झांकियों और मटकी फोड़ कार्यक्रम ने मोहा मन

स्मार्ट हलचल

**काछोला,** -श्री द्वारकाधीश धाकड़ समाज संस्थान काछोला के तत्वावधान में श्री द्वारकाधीश मंदिर में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट एवं विशेष श्रृंगार से सजाया गया, जिससे मंदिर परिसर का वातावरण मनमोहक नजर आया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री द्वारकाधीश का विशेष श्रृंगार किया गया तथा विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए और भक्ति में लीन नजर आए। मंदिर परिसर में सजीव



एवं निर्जीव झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप एवं विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जन्माष्टमी उत्सव के दौरान मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं भव्य लाइट डेकोरेशन और डीजे की व्यवस्था ने पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बनाए रखा। आयोजकों के अनुसार श्री द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं भव्य रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन शामिल हुए। इस दौरान सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का समस्त धाकड़ समाज काछोला की ओर से पुष्पवर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

### शिक्षक दिवस विशेष

# पनोतिया के विद्यार्थियों को विज्ञान शोध, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों से जोड़ रहे शिक्षक महेश कुमार कोली

## प्रयोगों से अंतरिक्ष की खोज तक ग्रामीण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की अनूठी पहल

स्मार्ट हलचल

**अरवड़,** शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे नई दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। इसी सोच को अपने कार्यों से साकार कर रहे हैं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पनोतिया, ब्लॉक शाहपुरा के विज्ञान अध्यापक महेश कुमार कोली। वर्ष 2014-15 से ग्रामीण विद्यार्थियों के बीच विज्ञान शिक्षण को नई दिशा देने में जुटे कोली ने विज्ञान को प्रयोग, नवाचार, अनुसंधान और तकनीक से जोड़कर विद्यार्थियों के लिए सीखने के नए अवसर तैयार किए हैं।

**कक्षा से निकलकर प्रयोगों की दुनिया तक पहुंचा विज्ञान**

महेश कुमार कोली ने विज्ञान शिक्षण को केवल किताबों और परीक्षा तक सीमित रखने के बजाय विद्यार्थियों को करके सीखने के अवसर उपलब्ध करवाए। विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रत्येक शनिवार पिछले करीब 10 वर्षों से 'कबाड़ से जुगाड़' आधारित सरल एवं रोचक विज्ञान प्रयोगों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सहभागिता



और वैज्ञानिक जिज्ञासा बढ़ाने के साथ विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ना है।

**इंस्पायर अवार्ड में विद्यार्थियों की भागीदारी**

ग्रामीण विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए कोली द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को नवाचारी विचार और वैज्ञानिक मॉडल तैयार करने के लिए लगातार प्रेरित किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के अब तक 11 विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है।

**प्रयोगों से अंतरिक्ष की खोज तक**

महेश कुमार कोली के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने International Astronomical Search Collaboration (IASC) के अंतर्गत NASA के Asteroid Search Campaign में भाग लिया। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और क्षुद्रग्रह खोज जैसी गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिला। अब तक 75 से अधिक विद्यार्थियों ने ह्वह्र नागरिक वैज्ञानिक प्रमाण-पत्र प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों द्वारा वर्ष 2022 में 2022 QV 57 तथा वर्ष 2024 में 2024स्ष्ठ57 नामित दो क्षुद्रग्रहों की खोज किए जाने की जानकारी दी गई है। इनके भविष्य में नामकरण का अधिकार IASC द्वारा प्रदान किए जाने की बात भी बताई गई है। क्षुद्रग्रह खोज जैसी गतिविधियों ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति विशेष उत्साह पैदा किया है।

**विज्ञान मेले और बाल विज्ञान शोध में निरंतर भागीदारी**

विद्यालय के विद्यार्थी राज्य स्तरीय विज्ञान मेलों के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की बाल विज्ञान शोध प्रतियोगिताओं में भी भाग लेते रहे हैं। विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं की पहचान करने, आंकड़े एकत्र करने, उनका वैज्ञानिक विश्लेषण करने और संभावित समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

**राष्ट्रीय स्तर पर नवाचारों को मिली पहचान**

विज्ञान शिक्षण में नवाचार और विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों के लिए महेश कुमार कोली को राष्ट्रीय शून्य निवेश नवाचार पुरस्कार के साथ साइबरपीस अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा वे शून्य बजट विज्ञान प्रयोग से संबंधित पुस्तक निर्माण के लिए गठित राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति में राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में योगदान दे चुके हैं। उन्होंने कक्षा 8 की कंप्यूटर पुस्तक के लेखन में भी योगदान दिया है। वे विद्यार्थियों और शिक्षकों में साइबर सुरक्षा तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं।

**'ग्रामीण विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं, अवसर की जरूरत है'**

महेश कुमार कोली का मानना है कि ग्रामीण विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। जरूरत उन्हें सही अवसर, मार्गदर्शन और प्रयोग करने का मंच उपलब्ध कराने की है। उनका प्रयास है कि विद्यार्थी केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि सवाल पूछें, प्रयोग करें, शोध करें और अपने आसपास की समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान खोजें। शिक्षक दिवस के अवसर पर महेश कुमार कोली की यह यात्रा इस बात का उदाहरण है कि समर्पित शिक्षक सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण विद्यार्थियों को विज्ञान की कक्षा से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## वार्ड 39 में पूजा राठौड़ के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



### समर्थकों ने संभाली प्रचार की कमान, घर-घर जनसंपर्क शुरू

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव के तहत वार्ड संख्या 39 से पार्षद प्रत्याशी पूजा राठौड़ के चुनाव कार्यालय का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही समर्थकों ने चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान को गति दी। उद्घाटन कार्यक्रम में ऋषि, उपाध्याय कैलाश प्रजापत, पप्पू माली, धीरज सेन, नंदू प्रजापत, मुकेश गुर्जर (गोलू), शौकीन चौहान, मांगीलाल, भंवर, हीरा, रामेश्वर, कल्ला, रमेश साहू, राहुल साहू, राजू साहू, विक्रम जांगिड़, अनिल चंदेल, दिनेश साहू, शेरू सेन, राहुल कछवा, ज्ञान कछावा एवं लक्ष्मीनारायण सेन सहित समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान समर्थकों ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से पूजा राठौड़ के पक्ष में मतदान की अपील की। समर्थकों ने सिलाई मशीन चुनाव चिन्ह पर मतदान कर उन्हें विजयी बनाने का आह्वान किया। चुनाव कार्यालय शुरू होने के साथ ही वार्ड में प्रचार गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## वार्ड 44 में भाजपा प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा का चुनाव कार्यालय शुरू



### विधायक रावत ने किया उद्घाटन, प्रत्याशी ने वार्ड में किया जनसंपर्क

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 44 में भाजपा प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा के चुनाव कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ। ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत एवं निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक रावत ने कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कमल के फूल को विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद भाजपा प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा ने समर्थकों के साथ वार्ड में जनसंपर्क किया और मतदाताओं से समर्थन एवं आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों में उत्साह नजर आया। समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रत्याशी को जीत का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में डोसला से किरण बाईसा सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वार्डवासी मौजूद रहे। इस दौरान अशोक जांगिड़, बबलू जांगिड़, बजरंग प्रजापत, नंदकिशोर कुमावत, अनिल कुमावत, प्रीतम प्रजापत, लीला देवी प्रजापत, नरेश प्रजापत, तरुण प्रजापत, आशु, लक्ष्मण सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## लापता युवती का सुराग न मिलने पर हमीरवास थाने के सामने धरना दूसरे दिन भी जारी, 7 सितंबर को घेराव की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर** / कानावासी गांव की गुमशुदा युवती की बरामदगी की मांग को लेकर पुलिस थाना हमीरवास के सामने ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन



धरना शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ?मामले को सुलझाने के लिए एएसपी रिछपाल चारण, राजगढ़ थानाधिकारी राजेश सिहाग व हमीरवास थानाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ वार्ता की, जो विफल रही। वार्ता के दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया ने युवती को सकुशल जल्द से जल्द परिजनों के सुपुर्द करने की मांग उठाई। ?उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 दिनों से पीड़ित परिवार थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन पुलिस उचित कार्रवाई करने में असफल रही है। नेता अजीत पूनिया ने कहा कि पुलिस प्रशासन की नाकामी के कारण ही परिजनों और ग्रामीणों को न्याय के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। ?मांग पूरी न होने पर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने आगामी 7 सितंबर को सुबह 11 बजे पुलिस थाने का घेराव करने का ऐलान किया है। इस दौरान कालाना ताल सरपंच चरणसिंह काजला, सोनू जिलोवा, राकेश पूनिया, आनंद गोस्वामी, अशोक सरवाग, प्रदीप कुमार, राशिद खान, साजन भाकर व वेदपाल पूनिया सहित सैकड़ों ग्रामीण धरने पर मौजूद रहे।

## कठमाणा तालाब में अनियंत्रित होकर गिरा ट्रैक्टर, मवेशियों को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

### ग्रामीणों ने की सुरक्षा दीवार बनाने की मांग, बड़ा हादसा टला

स्मार्ट हलचल

**पीपलू** । उपखंड क्षेत्र के कठमाणा तालाब की पाल पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया। डिग्गी सड़क पर



अचानक सामने आए मवेशियों के झुंड को बचाने के प्रयास में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरा। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, अरनिया काकड़ निवासी ट्रैक्टर चालक किसन मीणा रानोली से ट्रैक्टर की सर्विस करवाकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कठमाणा तालाब की पाल पर मवेशियों का झुंड सामने आ गया। मवेशियों को बचाने के चक्कर में चालक ने ट्रैक्टर को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह रही कि चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और उसने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। ग्रामीणों का कहना है कि कठमाणा तालाब की पाल पर सड़क किनारे सुरक्षा दीवार नहीं होने से यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ही तालाब की पाल पर सुरक्षा दीवार या मजबूत रेलिंग लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### 21 देशों के 50 अधिकारियों ने NCB अहमदाबाद का किया दौरा

## घनश्याम सोनी ने किया विदेशी अधिकारियों का स्वागत, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए NCB की जांच और कार्रवाई की रणनीति से कराया अवगत

स्मार्ट हलचल

**अहमदाबाद।** ITEC कार्यक्रम के तहत Investigation and Prosecution Matters विषय पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 21 देशों के 50 अधिकारियों ने 3 सितंबर 2026 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB), अहमदाबाद का दौरा किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) के सहयोग से किया गया। दौरे का उद्देश्य विभिन्न देशों के कानून प्रवर्तन अधिकारियों को भारत में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपनाई जा रही जांच प्रक्रिया, कार्रवाई और प्रभावी कार्यप्रणाली से परिचित कराना था।

**घनश्याम सोनी ने किया स्वागत, NCB की कार्रवाई और उपलब्धियों की दी जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान श्री घनश्याम सोनी, ह्वह्रस्, प्रभारी अतिरिक्त निदेशक, NCB अहमदाबाद ने 21 देशों से आए अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने NCB की भूमिका और मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ड्रग तस्करी से जुड़े संगठित नेटवर्क की



पहचान, उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाना और कानून के तहत प्रभावी कार्रवाई करना NCB की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

**मनीष कुमार ने साझा किया ड्रग कानून प्रवर्तन का अनुभव**

इंटरैक्टिव सत्र की अध्यक्षता श्री मनीष कुमार, ह्वह्रस्, DDG, वेस्टर्न रीजन ने की। उन्होंने मादक पदार्थों के कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, जांच की आधुनिक पद्धतियों और ड्रग तस्करी से जुड़ी लगातार बदलती चुनौतियों पर अपने अनुभव और विचार साझा किए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण बताया।

**अमित कुमार खरे ने NCB की जांच प्रक्रिया पर दी प्रस्तुति**

कार्यक्रम में श्री अमित कुमार खरे, अधीक्षक, NCB अहमदाबाद ने विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से NCB के अधिकार क्षेत्र, जांच प्रक्रिया, कार्रवाई के विभिन्न चरणों तथा वर्तमान समय में मादक पदार्थों की तस्करी के बदलते रुझानों की जानकारी दी। अधिकारियों को ड्रग तस्करी के मामलों की जांच में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और चुनौतियों से भी अवगत कराया गया।

**विदेशी अधिकारियों ने साझा किए अपने अनुभव**

सत्र के दौरान 21 देशों से आए अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और NCB अधिकारियों के साथ संवाद किया। प्रतिभागियों ने अपने-अपने देशों में मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के अनुभव, चुनौतियां और प्रभावी उपाय साझा किए। अधिकारियों ने भारत की जांच प्रणाली और NCB की कार्यप्रणाली को समझने में विशेष रुचि दिखाई।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मिलेगा और बढ़ावा**

यह कार्यक्रम मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न देशों के कानून प्रवर्तन अधिकारियों के बीच ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान हुआ। ऐसे कार्यक्रम भविष्य में अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त प्रयासों और बेहतर समन्वय को मजबूत करने में उपयोगी साबित होंगे।

### आज 27 जिलों में अलर्ट, 3 में भारी-बारिश की चेतावनी

## जयपुर में रातभर बरसात, झालावाड़ में डैम के गेट खोले; सितंबर में भी पारा 40 के ऊपर

**जयपुर** राजस्थान के 3 जिले धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर में शनिवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं 24 जिलों में यलो अलर्ट है। वहीं, जयपुर सहित कई जिलों में शुक्रवार सुबह से रुक-रुककर बरसात हो रही है। रातभर हुई बारिश के कारण राजधानी के तापमान में 7 डिग्री तक की गिरावट आई है। शुक्रवार को सवाई माधोपुर के खंडार एरिया में 24 घंटे (3 सितंबर शाम 6 बजे से 4 सितंबर शाम 6 बजे तक) के दौरान 175 मिमी बारिश हुई। यहां बरसाती नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई ग्रामीण इलाकों में ट्रैफिक बंद हो गया। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बने नए सिस्टम के कारण भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग के एरिया में बारिश हो रही है। इस सिस्टम के असर से मध्य प्रदेश में हुई तेज बारिश के कारण कालीसिंध नदी का जलस्तर भी बढ़ गया। इसके कारण झालावाड़ में कालीसिंध बांध, छापी बांध के गेट खोले गए। वहीं, पश्चिमी राजस्थान में सितंबर में भी तेज गर्मी है। यहां श्रीगंगानगर में दिन का तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। 24 घंटे में यहां सबसे ज्यादा बारिश: जयपुर के ग्रामीण इलाकों में एक इंच तक बरसात हुई। वहीं बारां, कोटा, धौलपुर, भरतपुर, अलवर, दौसा, टोंक के एरिया में भी कई स्थानों पर 1 से 3 इंच तक बरसात दर्ज हुई। चित्तौड़गढ़, बूंदी, बारां के एरिया में भी नदियों, झरनों में पानी की आवक बढ़ गई है।

## लावारिस स्विफ्ट कार से 40.860 किलो डोडा पोस्त बरामद

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** बार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जयनगर रोड पर रेल का बाडिया के पास खाई में लावारिस हालत में खड़ी स्विफ्ट कार से 40 किलो 860 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। पुलिस ने मादक पदार्थ सहित कार को जब्त कर लिया। थानाधिकारी समजिदा बानू के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान मिली सूचना पर मौके पर पहुंची। झाड़ियों के बीच खाई में खड़ी स्विफ्ट कार आरजे 06 सीबी 7886 की तलाशी लेने पर पिछली सीट व डिग्गी में रखे तीन प्लास्टिक कट्टों से डोडा पोस्त बरामद हुआ।



पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कार पिछले 2-3 घंटे से मौके पर लावारिस खड़ी थी। मामले में आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में पुलिस टीम के दिनेश कुमार, रामप्रसाद, राजूराम, सुखदेव व पवन कुमार शामिल रहे।

# कठूमर नगरपालिका चुनाव : उम्मीदवारों को मिले चुनाव चिन्ह, 20 वार्डों में मुकाबले की तस्वीर साफ

स्मार्ट हलचल

**कठूमर।** दिनेश लेखी। कठूमर नगरपालिका चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां अब और तेज हो गई हैं। नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चुनाव मैदान में शेष रहे प्रत्याशियों को निर्वाचन विभाग द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। चुनाव चिन्हों के आवंटन के साथ ही नगरपालिका के सभी 20 वार्डों में होने वाले चुनावी मुकाबलों की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। नगरपालिका चुनाव में वार्ड संख्या 1 से भाजपा के अरुण सिंह को कमल, कांग्रेस के शिशुपाल को हाथ, जयराम को सेब, नीमा देवी को स्कूल का बस्ता, पंकज को हारमोनियम, बलवंत को अलमारी तथा हरवीर को चारपाई चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वार्ड संख्या 2 में कांग्रेस के जयकिशोर को हाथ, भाजपा के रविकांत शर्मा को कमल तथा निर्दलीय रामोतार को चारपाई चुनाव




चिन्ह मिला है। वार्ड संख्या 3 में कांग्रेस की गीता शर्मा हाथ, भाजपा की सरोज देवी कमल, निर्दलीय मंजू चारपाई तथा मुनेश अलमारी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। वार्ड संख्या 4 में भाजपा की पिंकी कुमारी कमल तथा कांग्रेस की मंजू हाथ चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में हैं। वार्ड संख्या 5 में भाजपा के कमल सिंह को कमल, कांग्रेस के गुड्डू राम मीना को हाथ तथा निर्दलीय अंजना कुमारी को चारपाई चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वार्ड संख्या 6 में भाजपा के धर्मवीर कमल, कांग्रेस के सोनू चौधरी हाथ, निर्दलीय देवेन्द्र पाल सिंह चक्की तथा हरीश चौधरी अलमारी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। वार्ड संख्या 7 में मुकाबला काफी रोचक रहने की संभावना है। यहां भाजपा के रमन को कमल और कांग्रेस के विजय सिंह को हाथ चुनाव चिन्ह मिला है। वहीं निर्दलीय जियालाल को कोट, दीपेश कुमार को बाल्टी, धर्मपाल को अलमारी, भगवान सिंह को कैंची, मणि को सेब तथा राजवीर को गुब्बारा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वार्ड संख्या 8 में कांग्रेस की ज्योति कुमारी हाथ, भाजपा के वीरेन्द्र सिंह कमल, थान सिंह बांसुरी, रामदेव अलमारी तथा सुरेश कुमार चारपाई चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं। वार्ड संख्या 9 में भाजपा के गुरचरण सिंह को कमल और कांग्रेस की विजेता को हाथ चुनाव चिन्ह मिला है। निर्दलीय राजेन्द्र कुमार को कोट, रिंकू को अलमारी, लाजवंती को चूड़ियां तथा हीरालाल को सिलाई की मशीन चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वार्ड संख्या 10 में भाजपा की शिवा कमल, कांग्रेस की सीमा हाथ तथा निर्दलीय दीपक कोली बाल्टी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। वार्ड संख्या 11 में कांग्रेस की शोभना हाथ, भाजपा की सुमन कुमारी कमल, चंचल बाल्टी, ब्रजेश कोट तथा मनभरी अलमारी चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं। वार्ड संख्या 12 में भाजपा के गोपेश को कमल, कांग्रेस के राकेश कुमार को हाथ तथा निर्दलीय कृष्ण गोपाल को अलमारी चुनाव चिन्ह मिला है। वार्ड संख्या 13 में भाजपा के चेतन पचौरी कमल तथा कांग्रेस के जय प्रकाश हाथ चुनाव चिन्ह के साथ आमने- सामने होंगे। वार्ड संख्या 14 में भाजपा की आशा को कमल तथा निर्दलीय अन्नू को बाल्टी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वार्ड संख्या 15 में भाजपा की विद्या देवी कमल, कांग्रेस की सुमन देवी हाथ, निर्दलीय गीता गुब्बारा तथा मेवा देवी बाल्टी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगी। वार्ड संख्या 16 में भाजपा की राजवती कमल, कांग्रेस की सोरन देई हाथ, निर्दलीय राजबाला सेब तथा संजू कुमारी अलमारी चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं। वार्ड संख्या 17 में भाजपा के मनोज को कमल, कांग्रेस के लीलाराम को हाथ तथा निर्दलीय राजेश कुमार सैन को बाल्टी चुनाव चिन्ह मिला है। वार्ड संख्या 18 में भाजपा के तारेश कुमार शर्मा कमल तथा कांग्रेस के महीलाल शर्मा हाथ चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। वार्ड संख्या 19 में भाजपा के दिनेश को कमल और कांग्रेस के शुभम खंडेलवाल को हाथ चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वार्ड संख्या 20 में कांग्रेस की कविता को हाथ, भाजपा की रीना को कमल, निर्दलीय किशनदेई को बिजली का खंभा तथा लक्ष्मी को अलमारी चुनाव चिन्ह मिला है।

चुनाव चिन्हों के आवंटन के बाद अब प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने चुनाव प्रचार को और गति देना शुरू कर दिया है। नगरपालिका के सभी 20 वार्डों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए राजनीतिक दलों के प्रत्याशी एवं निर्दलीय उम्मीदवार जनसंपर्क में जुटने की तैयारी कर रहे हैं। चुनाव चिन्ह मिलने के साथ ही अब मतदाता भी अपने-अपने वार्ड के प्रत्याशियों और उनके चुनाव चिन्हों को लेकर चुनावी चर्चा में सक्रिय नजर आने लगे हैं।

## कलंदरपुरा में जलभराव से श्मशान घाट का रास्ता डूबा: घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाया

स्मार्ट हलचल

**अ (देवली), टोंक** कलंदरपुरा के वार्ड नंबर 08/12 में स्थित मीणा मोहल्ला क्षेत्र में भारी बारिश के बाद हालत खराब हो गए हैं। श्मशान घाट से घाड़ जाने वाला मुख्य रास्ता पूरी तरह पानी में डूब गया है।

इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, जलभराव के कारण पानी सीधा लोगों के घरों में घुस गया है। इससे रोजमर्रा की जिंदगी पर असर पड़ा है। खसरा संख्या 110 की यह आबादी भूमि, जो 'गेर मुमकिन आम रास्ता' दर्ज है, अब तालाब जैसी दिख रही है। रास्ता बंद होने से आना-जाना पूरी तरह रुक गया है। स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि इस खराब स्थिति की जानकारी ग्राम विकास अधिकारी को फोन पर पहले ही दे दी गई थी। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि धुवां कलां ग्राम पंचायत को तुरंत निर्देश देकर इस रास्ते को ठीक करवाया जाए। प्रार्थियों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते सही कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी। प्रभावित मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन से जल्द राहत देने की मांग की है।



# काला बादल जयंती पर शिक्षा का नया संकल्प, जय मीनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी में 120 प्रतिभाओं का सम्मान

## प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं, अवसर मिलना जरूरी है '-आर.डी. मीणा

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** जय मीनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी, रानपुर में काला बादल जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह शिक्षा, प्रतिभा सम्मान और सामाजिक उत्थान के नए संकल्प का साक्षी बना। समारोह में 120 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही जरूरतमंद एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों की शिक्षा में आर्थिक सहयोग देने की पहल पर जोर दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जय मीनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन आर.डी. मीणा ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी पूंजी उसकी प्रतिभावान युवा पीढ़ी है। हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का सम्मान करना नहीं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए मजबूत आधार उपलब्ध कराना है। कोई भी प्रतिभा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि काला बादल जयंती को शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन से जोड़ना समय की आवश्यकता है। आने वाले समय में विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रतिभावान विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सहायता मिले और उन्हें बेहतर भविष्य बनाने का अवसर प्राप्त हो। आर.डी. मीणा ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी शिक्षा के इस अभियान में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। यदि समाज मिलकर अपनी प्रतिभाओं की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाए तो आने वाली पीढ़ी को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने भविष्य में प्रतिभावान विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने का केंद्र नहीं, बल्कि समाज की नई पीढ़ी के सपनों को आकार देने का माध्यम बने–यही हमारा प्रयास है। ग्रामीण और सामान्य परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मार्गदर्शन और अवसर मिलना जरूरी है। समारोह में 120 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों को मंच से पहचान मिलने से उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि मेहनत और प्रतिभा को उचित अवसर मिलने पर विद्यार्थी देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने शिक्षा को सामाजिक उत्थान का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए प्रतिभावान विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता जताई। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की शिक्षा संबंधी पहलों और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। काला बादल जयंती का यह आयोजन परंपरा और आधुनिक शिक्षा के बीच सेतु बनता नजर आया। सम्मान से प्रतिभा को पहचान, सहायता से उसे संबल और निशुल्क शिक्षा के संकल्प से भविष्य को नई दिशा देने का संदेश समारोह से सामने आया। समारोह के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन, आयोजन समिति, सहयोगकर्ताओं एवं सभी सहभागी लोगों को बधाई दी गई। आयोजन में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

# बाल बाधित विकास केन्द्र में इनरव्हील क्लब ने मनाया शिक्षक दिवस



## शिक्षकों को सम्मान पत्र और यूनिफॉर्म जैकेट भेंट, खेलकूद प्रतियोगिताओं में लिया उत्साहपूर्वक भाग

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** बाल बाधित विकास केन्द्र में इनरव्हील क्लब की ओर से शिक्षक दिवस उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 28 शिक्षकों को सम्मान पत्र एवं यूनिफॉर्म जैकेट भेंट कर उनके योगदान को सराहा गया। क्लब अध्यक्ष नीता जैन ने बताया कि शिक्षकों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य रेणू अग्रवाल एवं पीडीसी पुष्पा गुप्ता ने शिक्षकों को उपहार भेंट किए। विद्यालय की अध्यक्ष सर्वेश्वरी रानीवाला ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। क्लब सचिव अर्चना गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में क्लब सदस्य इंद्रा जैन, प्रीति गौतम, अलका शर्मा, माधुरी गर्ग, हेमलता श्रिंगी एवं शीला गौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 'एक करोड़ वृक्ष' अभियान के तहत कोटा विश्वविद्यालय में 75 पौधे रोपे

### कोटा विश्वविद्यालय का धनवंतरी परिसर में राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार ने रोपे 75 पौधे,

### आचार्य प्रज्ञासागर जी मुनिराज की प्रेरणा से राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार का चौथा पौधारोपण अभियान



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित 'एक करोड़ वृक्ष' अभियान के तहत राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार, कोटा की ओर से कोटा विश्वविद्यालय के धनवंतरी परिसर में चौथा पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान 75 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार के चेयरमैन यतीश जैन खेडावाला ने बताया कि कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज के 'एक करोड़ वृक्ष' संकल्प को जन-जन तक पहुंचाकर जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है। महामंत्री नवीन जैन दौराया ने बताया कि गुरू आस्था परिवार के पौधारोपण कार्यक्रम में अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली के जन्मदिवस पर फूल–माला पहनाते हुए गुरु आस्था परिवार के सदस्यों ने लोकेश जैन सीसवाली को आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज के चित्र अंकित स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने पौधारोपण अभियान में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहयोग तथा कोटा नगर निगम की टीम के योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम में आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज ससंघ का वर्चुअल आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, भाजपा नेता जगदीश जिंदल, विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी संजीव कुमार दुबे, डॉ. भवानी सिंह, सकल समाज के परम संरक्षक विमल जैन नांता,विनोद टोरड़ कार्याध्यक्ष जे.के. जैन,महामंत्री पदम बडला,नरेश जैन वेद, कार्यक्रम संयोजक एवं युवा प्रकोष्ठ कार्याध्यक्ष नीतेश बड़जात्या, भूपेंद्र पीड़ावा, राजीव पाटनी, अंकुर बाकलीवाल, अभिनंदन कोटिया, पंकज लुहाड़िया, चेतन जैन और रॉबिन काला सहित अनेक गुरु भक्त उपस्थित रहे।

# टोंक में साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई-42 आरोपी गिरफ्तार,

## 5 कार, 3 बाइक, लैपटॉप सहित 47 मोबाइल और 65,300 नकद बरामद

स्मार्ट हलचल



**टोंक।** जिले में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार साइबर क्राईम अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन साईबर वार' के तहत जिला पुलिस अधीक्षक टोंक रोशन मीना (आईपीएस) के निर्देशन में जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 साइबर अपराध के मामले दर्ज कर 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 5 कार, 3 बाइक, 1 लैपटॉप, 47 मोबाइल फोन, 5 एटीएम कार्ड, 3 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक और 1 अन्य कार्ड बरामद किया। आरोपियों के कब्जे से 65,300 नकद भी बरामद किए गए। पुलिस जानकारी के अनुसार, दर्ज प्रकरणों में सामने आई कुल फ्रॉड राशि करीब 1 करोड़ 20 लाख 7 हजार 406 रुपए है। वहीं, जांच में प्रारंभिक तौर पर साइबर ठगों (टिप्परों) द्वारा लोगों से करीब 10 करोड़ रुपए की ठगी किए जाने की बात सामने आई है।

**एनसीआरपी (NCRP) शिकायतों पर भी कार्रवाई**

टोंक जिला पुलिस ने बताया कि NCRP पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर करीब 6 लाख 64 हजार 883 की साइबर ठगी से संबंधित कार्रवाई की गई। साइबर अपराध में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर/IMEI के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 92 मोबाइल तथा 109 IMEI को ब्लॉक करवाया गया। साईबर अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी और रिकॉर्ड को मजबूत करने के लिए 35 आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड ऑनलाइन किया गया है। पुलिस का कहना है कि साईबर ठगी के नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और लोगों को साईबर अपराध से बचाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### बलात्कार का आरोपी दो माह बाद दिल्ली से गिरफ्तार

# ठिकाने बदलकर पुलिस को दे रहा था चकमा, बार थाना पुलिस की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** पुलिस थाना बार ने बलात्कार के मामले में करीब दो माह से फरार चल रहे आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था। पुलिस ने तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपी को दिल्ली से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 9 जुलाई को पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी इन्द्रसिंह उर्फ पप्पूसिंह (41) निवासी देवखेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी मसूदा शिवराजसिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने ब्यावर, बदनोर, मसूदा, अजमेर सहित दिल्ली व हरियाणा में आरोपी की तलाश की। तकनीकी एवं भौतिक सूचनाओं के विश्लेषण के बाद आरोपी के दिल्ली में होने का पता चला। टीम ने आरोपी को दिल्ली से पकड़कर थाना बार लाया, जहां पूछताछ के बाद 3 सितंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई में थानाधिकारी समजिदा बानू सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।



# आदर्श विद्या मंदिर में जन्माष्टमी पर सजी कृष्ण लीलाओं की झांकियां



## रासलीला प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय प्रथम, विजेताओं को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजकर श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर आधारित सजीव झांकियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र भराडिया, सचिव हेमेंद्र दगदी, अंजू शर्मा, प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी एवं सीमा सोलंकी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण लीला, कृष्ण-सुदामा मिलन, गोपी चित्रण, नंद बाबा एवं कारागार की झांकियों का प्रस्तुतिकरण किया। रासलीला प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय ने प्रथम, कक्षा द्वितीय ने द्वितीय तथा कक्षा पंचमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता कक्षाओं को क्रमशः 2100, 1100 और 700 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय सचिव हेमेंद्र दगदी ने आगंतुकों एवं अभिभावकों का आभार जताया। आयोजन में विद्यालय के आचार्य एवं दीदी परिवार का सहयोग रहा।

# 'एक कदम शिक्षा की ओर' अभियान से बदल रही बच्चों की जिंदगी

स्मार्ट हलचल

**राकेश मीणा गुजरात।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रजनाबेन चौहान ने 'एक कदम शिक्षा की ओर' अभियान शुरू किया है। इसके तहत झोपड़पट्टियों और पिछड़े क्षेत्रों में नि:शुल्क बाल शिक्षा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में एसटी, एससी और मजदूर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के साथ स्टेशनरी और नाश्ता भी मुफ्त दिया जाता है। उद्देश्य है बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। सांस्कृतिक, सामाजिक और खेलकूद कार्यक्रमों के जरिए बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित की जा रही है। संचालन की जिम्मेदारी भावनाबेन लिडिया संभाल रही हैं। अभियान ने शिक्षा और सही मार्गदर्शन से बच्चों को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है। संस्था का मानना है कि शिक्षा से बच्चे आर्थिक अभाव को पीछे छोड़कर समाज में सम्मान और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ सकते हैं।



# जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में नजर आईं नन्हीं बालिकाएं

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा

**मंडावर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में नन्हीं बालिकाओं दक्षिता शर्मा एवं काव्या शर्मा, पुत्री श्री ललित तिवाड़ी, ने राधा-कृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। दोनों बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में राधा-कृष्ण का सुंदर रूप धारण किया। बालिकाओं की मनमोहक वेशभूषा, मासूम मुस्कान और आकर्षक सजावट ने जन्माष्टमी के उत्सव में विशेष रंग भर दिया। उनकी सुंदर प्रस्तुति को देखकर परिजन एवं आसपास मौजूद लोग भी भाव-विभोर नजर आए। इस अवसर पर परिजनों एवं आसपास के लोगों ने दक्षिता शर्मा और काव्या शर्मा के मनमोहक राधा-कृष्ण स्वरूप की जमकर सराहना की और दोनों बालिकाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। बालिकाओं का यह सुंदर रूप जन्माष्टमी पर्व पर आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। नन्हीं बालिकाओं की इस मनमोहक प्रस्तुति ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियों में चार चांद लगा दिए और श्रद्धा, भक्ति एवं बाल मन की सुंदर अभिव्यक्ति का संदेश दिया।



# बैंकों को लाखों की चपत लगाने में 15 साल से फरार एम पी के दो शातिर इनामी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** यहां कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर तरह के अपराधियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस का अभियान लगातार जारी है, जिसमें दक्षिण पुलिस भी अव्वल चल रही है। उसके द्वारा अपराधियों के खिलाफ जारी प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना बर्रा के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रवीन्द्र श्रीवास्तव की अगुवाई वाली यादव मार्केट के चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सनी कुमार, बर्रा के चौकी प्रभारी समर सिंह,सब इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार,सब इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार ,रिक्रूट कांस्टेबल विकास व्यास, सर्विलांस ,साइबर और तकनीकी के सब इंस्पेक्टर अजय गंगवार,देवेंद्र कुमार, जोनी त्यागी,कांस्टेबल शोभित साइबर थाने के हेड कांस्टेबल हरमेश मिश्रा और कांस्टेबल शिवम की तेजतर्रार टीम ने तकनीकी संसाधनों एवं इलैक्ट्रनिक साक्ष्यों के आधार पर बर्रा में दर्ज मुकदमों से सम्बन्धित और फरार होने की दशा में 50,000/- रूपये के इनामिया अभियुक्त संजय अग्रवाल उर्फ संजीव राज गोयल पुत्र कृष्णराम गोयल उर्फ कृष्ण प्रसाद अग्रवाल निवासी तिरूपति हाईट्स नानाखेड़ा थाना नानाखेड़ा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश तथा 25,000/- रूपये के इनामिया अभियुक्त राहुल अग्रवाल पुत्र संजय अग्रवाल उर्फ संजीव राज गोयल निवासी उपरोक्त को नानाखेड़ा बस स्टैण्ड थाना नानाखेड़ा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। इन दोनों जालसाज शातिर ठग अपराधियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 40 से अधिक मुकदमे भी दर्ज होने की जानकारी देते हुए घटनाओं के सटीक खुलासों के साथ ही अपनी जुझारू नौकरी के अबतक के कार्यकाल में हर तरह के अनगिनत शातिर अपराधियों माफियाओं और सफ़ेदपोशों को सबक सिखा चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के चलते आम जनता के साथ ही मातहतों में भी लोकप्रिय तेज तर्रार और व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी कानपुर दक्षिण के डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि अभियुक्तगणों के द्वारा फर्जी रोड क्रास मोर्टस के नाम से एजेन्सी बनाने के बाद फर्जी आरसी एवं डीएल बनाकर उपरोक्त एजेन्सी से गाड़ी खरीदना दिखाकर उसी के आधार पर भोले भाले लोगों फर्जी फर्म के नामपर विभिन्न प्रकार के लोन दिलाते थे, जिसके बाद बैंकर्स चेक तथा बैंक ड्राफ्ट बनवाकर बैंक से पैसे निकाल उसे मिल बांटकर हड़प लिया जाता था। डीसीप चौधरी ने बताया कि वर्तमान में अभियुक्त संजय अग्रवाल उर्फ संजीव राज गोयल के खिलाफ कुल 24 मुकदमें और अभियुक्त राहुल के खिलाफ कुल 16 मुकदमें दर्ज है। अब पुलिस दोनों के खिलाफ दर्द अन्य मुकदमों की भी जानकारी कर रही है।

# जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

## 18 व 19 सितम्बर को कठूमर के लक्ष्मी मैरिज होम में होगा सम्मेलन

स्मार्ट हलचल



**कठूमर।** दिनेश लेखी। राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ, ब्लॉक कठूमर की कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को अंबेडकर पार्क धोलागढ़ में प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह मसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन-2026 की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौंपी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन 18 एवं 19 सितम्बर 2026 को कठूमर स्थित लक्ष्मी मैरिज होम में किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी एवं समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह मसारी एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष फूल सिंह खोईया को सौंपी गई। सम्मेलन में उपस्थित होने वाले सम्मानित सदस्यों के लिए जलपान व्यवस्था की जिम्मेदारी बबली व्याख्याता, सतीश चंद्र जाटव वरिष्ठ अध्यापक, कुंवर सिंह कटारिया व्याख्याता एवं फूल सिंह खोईया को दी गई। वहीं सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट तैयार कराने की जिम्मेदारी जगदीश व्याख्याता एवं श्याम सुंदर कंप्यूटर अनुदेशक को सौंपी गई। बैठक में साउंड व्यवस्था की जिम्मेदारी फूलचंद खोईया एवं अरविंद व्याख्याता को दी गई। अन्य व्यवस्थाओं के लिए जगमोहन पोईया, मान सिंह सुमन, देशराज, राकेश, राम किशोर एवं पुष्पेंद्र सहित अन्य सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम के मंच संचालन की जिम्मेदारी सदाराम व पिंटू मेहरा को प्रदान की गई, जबकि आगामी अतिथियों के स्वागत एवं सत्कार की जिम्मेदारी ब्लॉक कार्यकारिणी को सौंपी गई। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने आगामी जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया तथा सभी को सौंपी गई जिम्मेदारियों का समयबद्ध एवं बेहतर ढंग से निर्वहन करने का निर्णय किया गया।

# जन्माष्टमी पर बाबा रामदेव मंदिर में सजी भव्य कृष्ण झांकी



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पंजाबी जीण स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बैरवा समाज नवयुवक मंडल, ब्यावर की ओर से भव्य कृष्ण झांकी सजाई गई। झांकी में कृष्ण-गोपाल के स्वरूपों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बाबा रामदेवजी के भजनों की प्रस्तुतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बैरवा समाज के युवाओं व श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वीरेंद्र चौहान, रवि बैरवा, कैलाश बैरवा,रिंकू गोठवाल, कुणाल राजन, कुलदीप लोदवाल, विष्णु, विपिन, हितेश, चेतन, राहुल, कानू, कृष्णा, अमित, विजय, योगेश एवं गोविंद सहित समाजजन मौजूद रहे।

### अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर बोले-भारत-यूएस रिश्तों से जलते हैं बाकी देश

# भारत-अमेरिका के रिश्ते मजबूत, प्रधानमंत्री मोदी से जल्द मिलना चाहते हैं राष्ट्रपति ट्रम्प

## दिसंबर में फ्लोरिडा में होने वाली जी20 समिट में होगी मुलाकात

● नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के रिश्तों को लेकर नया बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं, जिनसे राष्ट्रपति ट्रम्प मिलना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उम्मीद है कि दिसंबर में फ्लोरिडा में होने वाली जी20 समिट के दौरान पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा करेंगे और राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मुलाकात करेंगे। बता दें, अभी इस कार्यक्रम में तीन से चार महीने बाकी हैं। ऐसे में किसी भी तरह की द्विपक्षीय वार्ता की घोषणा नहीं हुई है।

गोर ने दोनों देशों को रिश्तों को बेहद मजबूत करार दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के मजबूत रिश्तों से बाकी लोगों को परेशानी होती है, वह जलते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने दिसंबर में होने वाली जी20 समिट का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच में दोस्ताना रिश्ते हैं। ऐसे में जब दोनों की मुलाकात होगी, तो यह केवल एक ग्रुप मीटिंग से ज्यादा होगी। गोर ने कहा कि अगर राष्ट्रपति ट्रम्प से पूछा जाए कि समिट के लिए 35 लोग आ रहे हैं और वह किससे मिलना चाहेंगे? तो निश्चित तौर पर टॉप लिस्ट में पीएम मोदी का नाम शामिल होगा।



### इंडो-यूएस ट्रेड डील पर काम जारी

सर्जियो गोर ने भारत और अमेरिका के बीच जारी ट्रेड डील वार्ता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कोर्ट के फैसले की वजह से डील में देरी हुई है। फिलहाल इस पर काम कर चल रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील पर काम जारी है। लेकिन हम इसे पक्का करने में बस कुछ ही दूर हैं। ईयू भारत से डील करने के लिए 20 साल से वार्ता कर रहा था। हम तो इस मामले में बहुत आगे हैं। गोर ने जोर देकर कहा कि इस ट्रेड डील से पहले भी भारत और यूएस के बीच में ट्रेड सतत बढ़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दोनों देशों के बीच का सालाना व्यापार करीब 240 बिलियन डॉलर का होता है। ट्रम्प और पीएम मोदी ने इसे आने वाले कुछ वर्षों में बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। गोर ने कहा कि अभी पिछले कुछ समय में ही एम्बेसी ने भारत द्वारा यूएस में 24 बिलियन डॉलर का निवेश करवाया है। इसके अलावा बड़ी यूएस कंपनियां भारत में सततनिवेश कर रही हैं।

### गोर बोले, जल्दी भारत आ सकते राष्ट्रपति ट्रम्प

ट्रम्प के संभावित भारत दौरे के बारे में बात करते हुए गोर ने कहा कि वह जल्दी ही भारत आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करता हूं वह हर बार 2020 की यात्रा के दौरान भारत में हुए स्वागत का जिक्र करते हैं। वह अपने प्रिय मित्र पीएम मोदी के बारे में बताते हैं और इस यात्रा के दौरान कितने बेहतरीन लोगों से मिलें उसके बारे में भी बात करते हैं।

### पीएम मोदी ने भारत को स्थायित्व दिया

यूएस राजदूत ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में भारत में स्थायित्व आया है। उन्होंने देश को अमेरिका का साझेदार बनाया है। भारत का बेहतर करना यूएस के लिए बहुत अच्छा है। हम एक स्थिर भारत चाहते हैं। जिसके साथ काम करना चाहते हैं। गोर ने जोर देकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच में दशकों पुराने रक्षा संबंध हैं।

### मेलोनी ने तोड़े रिकॉर्ड, मोदी ने दी बधाई

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने देश के युद्ध के बाद के इतिहास में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। 4 सितंबर 2026 को उनकी सरकार ने सतत 1,413 दिन पूरे किए। साथ ही मेलोनी इटली के पोस्ट-वॉर इतिहास में सबसे लंबे समय तक सतत पद पर रहने वाली पीएम बन गई हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी दोस्त और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। मेलोनी ने पूर्व पीएम सिल्वियो बर्लुस्कोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। बर्लुस्कोनी की दूसरी सरकार 2001 से 2005 के बीच लगातार 1,412 दिन तक सत्ता में रही थी। मेलोनी की सरकार ने एक दिन ज्यादा पूरा करते हुए यह रिकॉर्ड तोड़ दिया।




# 21 लाख भक्त पहुंचे मथुरा, बिहार के इस्कॉन में आठ टन फूलों से सजावट

● नई दिल्ली

देशभर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मथुरा-वृंदावन से लेकर जगन्नाथ पुरी और द्वारका तक जन्माष्टमी की धूम है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, दिल्ली के इस्कॉन मंदिर और जयपुर के गोविंद देव जी मंदिर में मंगला आरती हुई।

यूपी के मथुरा-वृंदावन में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। मथुरा में 21 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। शनिवार तक यहां देश-विदेश से 50 लाख श्रद्धालु पहुंचने की संभावना है। काशी के इस्कॉन मंदिर में भी श्रद्धालुओं की 1 किमी लंबी लाइन लगी।

अहमदाबाद के इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। इस बार 300 ड्रोन के जरिए भगवान कृष्ण की दो-तीन लीलाएं दिखाई गई। वहीं, बिहार के पटना स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर 108 चांदी के कलश से भगवान कृष्ण का अभिषेक किया जाएगा। मंदिर की सजावट के लिए अलग-अलग तरह के करीब 8 टन फूल मंगाए गए।

### मिस वर्ल्ड फिनालें आज, निकिता पर टिकीं नजरें



**नई दिल्ली, आरएनएन।** भारत की निकिता पोरवाल अब मिस वर्ल्ड 2026 के फिनाले में देश का प्रतिनिधित्व करने को तैयार हैं। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का 75वां संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जा रहा है। निकिता के फिनाले में पहुंचने से भारतीय फैंस के बीच भी काफी उत्साह है। सभी की नजरें अब इस बात पर हैं कि क्या निकिता भारत के लिए मिस वर्ल्ड का ताज जीत पाएंगी। स्पर्धा में दुनिया के अलग-अलग देशों से आईं सुंदरियां हिस्सा ले रही हैं। गौरतलब है कि निकिता पोरवाल उज्जैन, मप्र की निवासी है।

# अमेरिका का मोस्ट वांटेड जालंधर में हुआ गिरफ्तार

● चंडीगढ़

पंजाब में संगठित अपराध नेटवर्क और भगोड़ों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जालंधर कमिश्नरेट पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने मंजीत सिंह बेदी नाम के एक ऐसे भगोड़े को गिरफ़्तार किया है, जो यूएस में हुए बेनिफ़िट फ्रॉड (लाभ से जुड़े धोखाधड़ी) के मामले में वॉन्टेड है।

**एफबीआई को मंजीत सिंह बेदी की तलाश थी**

बताया जा रहा है कि अमेरिका में एसएनएपी (सप्लीमेंटल न्यूट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम) बेनिफ़िट फ्रॉड मामले के सिलसिले में बेदी का नाम अमेरिका के ''मोस्ट-वॉन्टेड फ्रॉडस्टर्स'' (धोखाधड़ी करने वाले सबसे ज़्यादा वांछित लोगों) की लिस्ट में शामिल किया गया था।

पंजाब पुलिस के डीएसपी गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि बेदी अमेरिका में सप्लीमेंटल न्यूट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम लाभों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में वांछित था और उसका नाम अमेरिका की सर्वाधिक वांछित धोखाधड़ी आरोपियों की सूची में भी बताया गया था।

यादव के मुताबिक आरोपी कानून से बचने के लिए अप्रैल 2026 में कनाडा के रास्ते भारत भाग आया था। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने उसकी तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करने और विदेशों में कानून से बचने के लिए भारत आने वाले भगोड़ों को पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

# ईरानी एंबेसी ने अमेरिका को वीडियो पोस्ट कर चिढ़ाया, हबीबी अंकल, पधारो ईरान...

● तेहरान

होर्मुज में समुद्री माइंस के बढ़ते खतरे के बीच ईरान ने अमेरिका को खुली चुनौती दी है. सिएरा लियोन में ईरानी दूतावास ने गुरुवार को माइन्सवीपर गेम की स्टाइल में एक वीडियो पोस्ट किया। इसके साथ लिखा गया- हबीबी यानी अंकल सैम, ईरान आओ! 35 सेकंड के इस वीडियो में होर्मुज स्ट्रेट का 3डी मैप दिखाई देता है, जिस पर माइन्सवीपर गेम की तरह ग्रिड बना हुआ है। ईरानी दूतावास की यह पोस्ट ऐसे समय सामने आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव लगातार बढ़ रहा है।

**35 सेकंड के इस वीडियो में होर्मुज का 3डी मैप दिखाया**

कुछ दिन पहले अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में लारक आईलैंड पर ईरानी रॉकेट लॉन्चरों को निशाना बनाया था। अमेरिका के मुताबिक, इन लॉन्चरों को समुद्र में माइंस बिछाने के लिए तैयार किया जा रहा था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को खतरा पैदा हो सकता था। अमेरिका इससे पहले ईरान की तरफ से बिछाई गई समुद्री माइंस को हटाने के लिए बड़ा ऑपरेशन कर चुका है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस अभियान में नेवी डाइवर्स, सील्स और एयर सपोर्ट शामिल थे. ऑपरेशन के बाद कमर्शियल जहाजों के लिए शिपिंग लेन दोबारा खोल दी गई थीं। समुद्री माइंस कम लागत में बड़े स्तर पर शिपिंग को प्रभावित करने वाला हथियार मानी जाती हैं।

### ईरान-अमेरिका हमले तेज

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. जॉर्डन की सेना के मुताबिक, उसने आठ मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया। अमेरिका का कहना है कि उसकी हालिया कार्रवाई में ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार, समुद्री संसाधन, कम्युनिकेशन सिस्टम और माइंस बिछाने की क्षमता से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### ट्रम्प ने दी बड़ी धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाम्ड ट्रम्प ने ईरान को आगे जवाबी कार्रवाई करने पर और कड़े सैन्य हमले की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तो उसे और ज्यादा ताकत के साथ निशाना बनाया जाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में ऑपरेशन एपिक फ्यूरी शुरू करते समय ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने, पड़ोसी देशों पर हमला करने की उसकी क्षमता को सीमित करने और ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं पैदा करने जैसे लक्ष्य बताए थे।

## बंगाल में शास्त्री की सीएम सुवेंदु अधिकारी से तीन प्रमुख मांग

**हावड़ा, आरएनएन।** पश्चिम बंगाल में पहली बार गीता पाठ करने पहुंचे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सामने तीन बड़ी मांगें रखी हैं। उन्होंने कहा कि पहली मांग है कि गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेला घोषित करवाया जाए, दूसरी गोमाता को राज माता का दर्जा दिया जाए और तीसरी काली पूजा के दौरान गलियों-मोहल्लों में होने वाले छोटे-छोटे दंगे अब बंद होने चाहिए, अब हर-हर गंगे होना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत हिंदु राष्ट्र तो है ही, बस विचारों में घोषित होने की आवश्यकता है। उसके लिए हम बंगाल आए हैं। आप जैसे बुद्धिमान लोग हिंदुत्व विचारधारा का समर्थन करेंगे तो भारत हिंदु राष्ट्र विचारों में भी परिवर्तन होकर रहेगा। पूर्व सीएम ममता बनर्जी को लेकर उन्होंने कहा उनको भी कहेंगे कि कथा में आप भी पधारो।

# छात्रों पर पुलिस का एक्शन डिस्टर्ब करने वाला: भुइयां

● नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने शुक्रवार को कहा कि जंतर-मंतर पर विरोध कर रहे छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस का बल प्रयोग परेशान करने वाला और गंभीर चिंता का विषय है। जस्टिस भुइयां ने पूर्व सचिव (सुरक्षा) यशोवर्धन आजाद की लिखी किताब पुलिसिंग द रिपब्लिक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। यह कार्यक्रम राजधानी के वायसराय हॉल में आयोजित किया गया था।

जस्टिस भुइयां ने कहा कि जब हम भारतीय पुलिस सेवा के युवा अफसरों को खुद जाकर प्रदर्शनकारियों व आंदोलनकारियों पर बल प्रयोग करते हुए देखते हैं। तो हम सभी को बहुत निराशा होती है। यह देखना वाकई बहुत दुखद है। पुलिस अधिकारियों से जिस



तटस्थता की उम्मीद की जाती है। वह नदारद होती दिख रही है और यह वाकई गंभीर चिंता का विषय है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद पी. चिदंबरम, महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी डी. शिवानंदन और अन्य लोग भी मौजूद रहे।

भारतीय जूडिशरी में स्पष्टवादिता, बेहतर कानूनी समझ और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट निष्ठा के लिए जाने जाने वाले जस्टिस भुइयां अभी भारत के सुप्रीम कोर्ट में ज हैद्ध गुवाहाटी के एक प्रतिष्ठित कानूनी परिवार से ताल्लुक रखने वाले जस्टिस भुइयां का 3 दशकों से अधिक का यह सफर वकालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक प्रेरणादायक रहा है।

# झील में दिखा रहस्यमयी तैरता टापू अचानक हुआ गायब, वैज्ञानिक हैरान

## अब 30 किलोमीटर दूर मिला विशाल तैरता हुआ टापू

● नई दिल्ली

कनाडा की विलिस्टन रिज़र्वायर झील में दिखा पेड़ों से ढका एक रहस्यमयी तैरता टापू अचानक गायब हो गया था। कुछ हफ्तों बाद यह अपनी पुरानी जगह से 30 किमी दूर फिर मिला। वैज्ञानिक अब भी इसकी उत्पत्ति और बनने की असली वजह जानने की कोशिश कर रहे हैं। इस तैरते टापू का नाविकों ने वीडियो बनाया और देखते ही देखते यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### लोगों को लगा एआई का कमाल

जब टापू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो ब्रिटिश कोलंबिया हाइड्रो (बीसी हाइड्रो) के प्रवक्ता बॉब गैमर को भी इसकी जानकारी मिली। दिलचस्प बात यह है कि शुरुआत में उन्हें लगा कि शायद यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बना कोई फर्जी वीडियो है। लेकिन 21 जुलाई की सैटेलाइट तस्वीरों ने साबित कर दिया कि टापू बिल्कुल असली था। झील के बीचों बीच पेड़ों से ढका जमीन का एक बड़ा हिस्सा पानी पर तैर रहा था।

# चर्चगेट व मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक 6 सितंबर को

● मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 06 सितंबर, 2026 को उपनगरीय खंड पर चर्चगेट एवं मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ विनीत अभिषेक के अनुसार, 06 सितंबर, 2026 को अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर 10:35 बजे से 15:35 बजे तक पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। ब्लॉक अवधि में फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट एवं मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा।

इस ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय सेवाएं निरस्त रहेंगी, जबकि चर्चगेट जाने वाली कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशनों पर शॉर्ट टर्मिनेट कर रिवर्स किया जाएगा। प्रभावित ट्रेनों की विस्तृत सूची उपनगरीय खंड के सभी स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## नाइजीरिया: कच्चा तेल चोरी करते वक्त 37 लोगों की मौत

**नाइजर, आरएनएन।** नाइजीरिया के तेल उत्पादक राज्य रिवर्स में तेल ले जा रहे एक जहाज से तेल चुराने की कोशिश के दौरान कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को एडवोकेसी ग्रुप ने दी।

एनजीओ यूथ्स एंड एनवायरनमेंटल एडवोकेसी सेंटर ने बताया कि गुरुवार को ये लोग एक गैर-कानूनी टैपिंग पॉइंट से अपनी नावों में कच्चा तेल भर रहे थे। इस दौरान उन्हें तेज दबाव में जहरीली गैसें अंदर लेनी पड़ीं, जिससे उनकी मौत हो गई। वॉलंटियर्स के एक नेटवर्क के हवाले से आई रिपोर्ट के मुताबिक, कई लोग अभी भी लापता हैं।

नाइजीरियाई पुलिस ने शुक्रवार को घटना की पुष्टि की, लेकिन मृतकों की संख्या नहीं बताई और कहा कि जांच जारी है। मरने वाले कथित तौर पर कच्चा तेल चुराने की कोशिश कर रहे थे।

## 50 दिनों से नहीं मिला खाना दो माह से सैलरी नहीं मिली

**नई दिल्ली, आरएनएन।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले की निवासी एक महिला ने कुवैत से वीडियो जारी कर अपनी जान बचाने की गुहार लगाई है। संकरनकोइल इलाके के पास उरंगनी गांव निवासी वनिता ने आरोप लगाया कि पिछले करीब दो माह से उसे सतत प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला का दावा है कि उसे 50 दिनों से ज्यादा समय से ठीक से खाना तक नहीं मिला है। उसकी दो महीने की सैलरी भी नहीं दी गई है। वनिता ने वीडियो में बेहद भावुक होकर कलेक्टर और एसपी से उसे किसी तरह सुरक्षित भारत वापस लाने की अपील की है। वह अब इस हालात को और सहन नहीं कर पा रही है।

**कुवैत में फंसी तमिल महिला की आपबीती**

### आज का इतिहास

- **1666:** इंग्लैंड के लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
- **1836:** मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
- **1839:** चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
- **1882:** पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
- **1885:** अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
- **1887:** इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।


**उपलब्धि** — मरीज टिम एंड्रयूज़ बोला, किडनी ट्रांसप्लांट से उन्हें एक नई उम्मीद जागी

# सूअर की किडनी से 271 दिनों तक जीवित बचा रहा शख्स

● वाशिंगटन

अमेरिका में एक मरीज के शरीर में ट्रांसप्लांट की गई जेनेटिकली मॉडिफाइड सूअर की किडनी 271 दिनों तक काम करती रही। बाद में एक मृत मरीज को इंसानी डोनर किडनी मिल गई। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और द लेंसेट में प्रकाशित अध्ययन को ट्रांसप्लांट मेडिसिन में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

टिम एंड्रयूज़ नाम के मरीज को एंड-स्टेज किडनी फेल्योर था। जनवरी 2025 में उन्हें सूअर की जेनेटिकली एडिटेड किडनी ट्रांसप्लांट की गई। इसके बाद वह 271 दिनों तक बिना डायलिसिस के जीवन जी सके। बाद में किडनी ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन तब तक उन्हें एक व्यक्ति की मानव डोनर किडनी मिल गई और उसका सफल ट्रांसप्लांट कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुनिया का पहला ऐसा मामला है जिसमें किसी मरीज ने सूअर की किडनी के सहारे इतने लंबे समय तक जीवन बिताने के बाद सफलतापूर्वक इंसानी किडनी ट्रांसप्लांट हासिल किया। इस दौरान वह डायलिसिस से दूर रहे, जिसे डॉक्टर इस प्रयोग की सबसे बड़ी सफलता मान रहे हैं।



### डायलिसिस से मिली बड़ी राहत

रिपोर्ट के अनुसार टिम एंड्रयूज़ को 271 दिनों तक डायलिसिस की जरूरत नहीं पड़ी। जिस किडनी को अस्थायी समाधान के तौर पर लगाया गया था, उसने लगभग नौ महीने तक मरीज की जिंदगी को सामान्य बनाए रखा। अध्ययन में शामिल डॉ. लियोनार्डो रिएला का कहना है कि दुनिया भर में डोनर अंगों की कमी ट्रांसप्लांट मेडिसिन की सबसे बड़ी चुनौती है। उनका मानना है कि भविष्य में जेनोट्रांसप्लांटेशन यानी जानवरों के अंगों का इस्तेमाल उन मरीजों के लिए ब्रिज बन सकता है जो इंसानी डोनर का इंतजार कर रहे हैं।

### आखिर किडनी ने काम करना क्यों बंद किया

डॉक्टरों के मुताबिक ट्रांसप्लांट के बाद सूअर की किडनी तुरंत काम करने लगी थी और कई महीनों तक उसने सामान्य रूप से काम भी किया। लेकिन करीब 6 माह बाद किडनी की रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) में नुकसान के संकेत मिलने लगे। समय के साथ यह समस्या बढ़ती गई। जिससे किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित हुई और आखिरकार वह पूरी तरह फेल हो गई। इसके बाद डॉक्टरों को वह किडनी निकालनी पड़ी। बहरहाल मरीज टीम के अनुसार अमेरिका में हुए इस प्रयोग ने ट्रांसप्लांट मेडिसिन के क्षेत्र में नई उम्मीद जगाई है। फिलहाल यह इलाज स्थायी विकल्प नहीं बना है, लेकिन अंगों की कमी की समस्या से निपटने की दिशा में इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# दुनिया का नक्शा बदलने की हो रही है तैयारी

## यूरोप-रूस-कनाडा का साइज होगा छोटा अफ्रीका-साउथ अमेरिका को इससे फायदा

● नई दिल्ली

बचपन से किताबों, टीवी और इंटरनेट पर हम दुनिया का जो नक्शा देखते आए हैं, उसमें कई देशों और महाद्वीपों का आकार असल से काफी अलग दिखता है। अब इसे बदलने की कोशिश की जा रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव पर शनिवार को वोटिंग होगी। इसमें ऐसा विश्व नक्शा अपनाने की बात हो रही है, जिसमें देशों और महाद्वीपों का आकार जमीन पर उनके असली आकार के करीब दिखे। अगर यह प्रस्ताव पास होता है, तो दुनिया का नक्शा काफी बदल जाएगा। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका बड़े दिखेंगे, जबकि ग्रीनलैंड, यूरोप और कनाडा मौजूदा नक्शे के मुकाबले छोटे नजर आएंगे। इस बदलाव की मुहिम कुछ अफ्रीकी देशों ने शुरू की है। उनका कहना है कि मौजूदा नक्शे में अफ्रीका को उसके असली आकार से काफी छोटा दिखाया जाता रहा है। दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले नक्शों में से एक मर्केटर नक्शा है।

संक्षिप्त समाचार

## नेपाल बाढ़: भारत की फोरेंसिक लैब में मिलेगी लापता लोगों की फ्री डीएनए प्रोफाइलिंग की सुविधा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के पीड़ितों की पहचान प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने के लिए भारत ने बड़ी पहल की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस आपदा में लापता हुए लोगों के परिजनों के लिए भारत की केंद्रीय और राज्य स्तरीय फोरेंसिक लैब में डीएनए प्रोफाइलिंग की सेवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारत सरकार का यह कदम आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को अपनों की तलाश और पहचान करने में बेहद मददगार साबित होगा।

करीबी रिश्तेदार करवा सकेंगे डीएनए जांच

इस विशेष सुविधा का लाभ भारत में रहने वाले लापता लोगों के करीबी रिश्तेदार उठा सकते हैं। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, लापता व्यक्ति के माता-पिता, बेटा-बेटी या भाई-बहन अपने बायोलॉजिकल नमूने देकर डीएनए प्रोफाइल तैयार करवा सकते हैं।

यह जांच प्रक्रिया केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय और डीएनए प्रोफाइलिंग की क्षमता रखने वाली मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में पूरी की जाएगी। नेपाल-तिब्बत सीमा के पास बर्फ और चट्टानों के खिसकने के कारण आई इस आकस्मिक बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के गांवों और कस्बों को बुरी तरह तबाह कर दिया है। नेपाली अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रभावित इलाकों से अब तक कम से कम 1290 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

राहत और बचाव दल लगातार मोर्चे पर डटे हुए हैं, अब तक 12000 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। हालांकि, स्थिति अभी भी गंभीर है क्योंकि लगभग 5000 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश लगातार जारी है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने 26 अगस्त को आई इस बाढ़ के पीड़ितों की पहचान से जुड़ी आवश्यक प्रक्रिया और जानकारी पहले ही साझा कर दी थी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत में मौजूद फोरेंसिक लैब की सेवाएं देने का फैसला किया है।

नेपाल पुलिस के अनुसार, शवों की शिनाख्त के लिए 'ऑटोसोमल एसटीआर डीएनए प्रोफाइलिंग' की तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पूरी प्रक्रिया नेपाली अधिकारियों द्वारा बताई गई तकनीकी आवश्यकताओं और तय मानकों के आधार पर ही की जाएगी।

## इंस्टाग्राम पर अश्लील सामग्री मामला एनएचआरसी सख्त, मंत्रालय और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर बच्चों से जुड़ी यौन शोषण सामग्री के विज्ञापन और प्रसार के गंभीर मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को नोटिस भेजकर दो सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है। आयोग ने खास तौर पर मिनिस्ट्री से पूछा है कि क्या मेटा रूल्स, 2021 के तहत ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट के पब्लिशर या पब्लिशर के तौर पर उसके रेगुलेटरी दायरे में आता है, जहां भी कंपनी के सिस्टम कंटेंट बनाते, बदलते, क्यूरेट करते, रिकमेंड करते, पब्लिश करते या बढ़ाते हैं। मानव अधिकार आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह मामला केवल अश्लील सामग्री अपलोड करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी जांच का विषय है कि क्या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (मेटा) के अपने एल्गोरिदम, सिफारिश प्रणाली और विज्ञापन तंत्र ऐसे आपत्तिजनक कंटेंट को बढ़ावा देने या इससे कमाई (मॉनेटाइजेशन) करने में शामिल हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने स्पष्ट किया कि इस मामले में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा को नोटिस जारी किया है।

# एनडीएमसी की 99 परियोजनाओं की हर सप्ताह समीक्षा तय

## अब दिल्ली में दोगुनी होगी विकास कार्यों की रफ्तार



**नई दिल्ली,** एजेंसी। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की 99 नई और चल रही परियोजनाओं की अब हर सप्ताह समीक्षा और निगरानी होगी।

एनडीएमसी चेयरमैन मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए यह नया ढांचा तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य नियमित निगरानी के साथ त्वरित निर्णय लेना, परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना और काम में आने वाली बाधाओं को दूर करना है।

### 99 परियोजनाओं की सूची तैयार

चेयरमैन मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि 99 परियोजनाओं की सूची तैयार की गई है, जिनकी साप्ताहिक आधार पर समीक्षा की जाएगी। इसके लिए गैरेज मीटिंग जैसी कार्यप्रणाली अपनाई जाएगी, ताकि परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान सामने आने वाली समस्याओं पर तत्काल निर्णय लिया जा सके। इससे विभिन्न स्तरों पर निर्णय लेने में होने वाली देरी को कम किया जाएगा।

### सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे

उन्होंने बताया कि सभी परियोजनाओं की निगरानी के लिए एनडीएमसी ने इन-हाउस डैशबोर्ड भी विकसित किया है। इसमें प्रत्येक परियोजना की प्रगति, संबंधित अधिकारी की जवाबदेही, काम में आ रही बाधाएं और तय समय से पीछे चल रही परियोजनाओं की जानकारी दर्ज होगी।

इससे परियोजनाओं में देरी के कारणों की पहचान कर समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे। द्विवेदी ने कहा कि डैशबोर्ड के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामों पर भी नजर रखी जाएगी। लक्ष्य केवल परियोजनाओं को पूरा करना नहीं, बल्कि बेहतर गुणवत्ता और अपेक्षित परिणाम हासिल करना है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि नियमित निगरानी, स्पष्ट जवाबदेही और त्वरित निर्णय लेने की इस व्यवस्था से परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति को करीब दोगुना किया जा सकेगा।

# पश्चिमी दिल्ली को जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति

## अंतिम चरण में नवादा मेट्रो स्टेशन के पास सीवर लाइन से जुड़ा काम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नजफगढ़-उत्तम नगर मुख्य सड़क का इस्तेमाल करने वाले लाखों लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। नवादा मेट्रो स्टेशन के नीचे धंसी सीवर लाइन को ठीक करने का मरम्मत कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इस सड़क को जल्द ही आम यातायात के लिए पूरी तरह खोलने की उम्मीद जताई जा रही है। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा का कहना है कि आगामी 15 दिनों के भीतर इस सड़क को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

20 मई से बंद पड़ी इस बेहद महत्वपूर्ण सड़क पर दिल्ली जल बोर्ड द्वारा डीप सीवर लाइन से जुड़ा मुख्य कार्य पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में खोदे गए हिस्से को मिट्टी से भरकर समतल किया जा रहा है, जिसके बाद सड़क निर्माण (पक्की सड़क बनाने) का अंतिम कार्य तेजी से जारी है।

**डीप सीवर का काम पूरा, अब सड़क बनाने की प्रक्रिया जारी:** नवादा मेट्रो स्टेशन के नीचे धंसी सीवर लाइन की मरम्मत के लिए जल बोर्ड द्वारा ट्रेंचलेस टेक्नोलाजी का इस्तेमाल किया गया था। जहां पहले गहरा गड्ढा खोदा गया था, अब वहां अधिकांश सीवर संबंधी कार्य समाप्त हो चुका है। फिलहाल केवल एक बेहद छोटे हिस्से में अंतिम फिनिशिंग का काम बचा है। मिट्टी भराई के बाद रोलर चलाकर ज़मीन को समतल किया जा रहा है ताकि जल बोर्ड जल्द से जल्द सड़क निर्माण का काम पूरा कर इसे ट्रैफिक के लिए सौंप सके।

**डेढ़ महीने की परेशानी के बाद मिलेगी बड़ी राहत:** नजफगढ़-उत्तम नगर मार्ग को पूरे पश्चिमी दिल्ली इलाके की लाइफलाइन माना जाता है। यह सड़क नजफगढ़ क्षेत्र के दर्जनों गांवों और अर्ध-शहरी आबादी को दिल्ली के मुख्य शहरी व व्यावसायिक क्षेत्रों से जोड़ती है। मरम्मत कार्य के चलते पिछले डेढ़ महीने से लाखों दैनिक यात्रियों, स्कूली बच्चों और व्यापारिक वाहनों को भारी ट्रैफिक और जाम का सामना करना पड़ रहा था।

**फिलहाल धीमी गति से गुजर रहे हैं हल्के वाहन:** यातायात को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने उत्तम नगर से द्वारका मोड़ की ओर जाने वाले लगभग 100 मीटर के हिस्से को दो लेन में बदल दिया था। वर्तमान में यहां से कार, आटो और बाइक जैसे हल्के वाहन धीमी गति से निकल रहे हैं। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होते ही इस मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से सामान्य हो जाएगा, जिससे नवादा, उत्तम नगर, नजफगढ़ और द्वारका के निवासियों को जाम से स्थायी निजात मिलेगी।

**जल्द रास्ता खुले तो बेहतर:** पिछले डेढ़ महीने से नवादा मेट्रो स्टेशन के पास रोज घंटों जाम में फंसना पड़ता था। गाड़ियों का ईंधन भी बर्बाद होता था और समय पर पहुंचना मुश्किल था। अब जमीन को भर दिया गया है और काम लगभग पूरा दिख रहा है। अगर अगले कुछ दिनों में सड़क बनाकर रास्ता पूरी तरह खोल दिया जाए, तो हम यात्रियो के लिए यह बहुत बड़ी राहत होगी। – नीरज, यात्री

**रोज की परेशानी खत्म होने की उम्मीद जगी:** नजफगढ़ से उत्तम नगर के बीच बस से सफर करना बेहद थकाऊ हो गया था। 100 मीटर के इस पैच को पार करने में ही आधा घंटा लग जाता था। लेकिन अब मिट्टी भराई का काम देखकर लग रहा है कि जल्द ही बसें अपने पुराने और सामान्य रूट पर रफ्तार से चल सकेंगी।

## लॉरेंस बिश्नोई के वकील दीपक खत्री की पुलिस हिरासत बढ़ी

### गैंगों के बीच संपर्क कराने की भूमिका भी जांच के घेरे में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की कानूनी टीम से जुड़े अधिवक्ता दीपक खत्री की पुलिस हिरासत कोर्ट ने दो दिन के लिए बढ़ा दी। खत्री को अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क से जुड़े यूएपीए मामले में गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि पूरी होने पर उसे बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया गया।

**हथियार तस्करी के मामले में की जा रही जांच:** दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच के लिए खत्री की पांच दिन की अतिरिक्त हिरासत मांगी थी। हालांकि, अदालत ने मांग के अनुरूप रिमांड न देते हुए उसकी हिरासत शनिवार तक, यानी दो दिन के लिए बढ़ाई है। पुलिस के मुताबिक, खत्री को दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था और वह दुबई से दिल्ली पहुंचा था। इसके बाद क्राइम ब्रांच की ओर से हथियार तस्करी के एक मामले में की जा रही जांच में उसकी भूमिका की पड़ताल शुरू की गई।

**हथियार आपूर्ति नेटवर्क से कनेक्शन की जांच:** जांच एजेंसी को आशंका है कि खत्री के अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क से संबंध हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या उसने अलग-अलग आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के बीच संपर्क स्थापित करने में कोई भूमिका निभाई थी।

## सीजेपी में पहली बगावत: सीजेपी-डी का हुआ गठन, कार्यकर्ताओं ने क्यों लिया ये बड़ा फैसला?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी में पहली बगावत सामने आई है। सीजेपी के पूर्व स्वयंसेवक और आंदोलन से जुड़े मनीष ब्रह्मभट्ट ने जंतर-मंतर के आंदोलन के दौरान जमीनी व पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह न देने पर काकरोच जनता पार्टी-लोकतांत्रिक (सीजेपी-डी) बनाने की घोषणा की। दिल्ली के प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान मनीष ब्रह्मभट्ट ने कहा कि सीजेपी का आंदोलन युवाओं और छात्रों के मुद्दों को लेकर शुरू हुआ था। इसमें देशभर के लोगों और स्वयंसेवकों ने योगदान दिया।

आंदोलन की सफलता के बाद संगठन की राष्ट्रीय टीम बनाते समय जमीनी कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों से उनकी राय नहीं ली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 सदस्यीय टीम का गठन लोकतांत्रिक तरीके से नहीं किया गया।

कई लोगों के पूर्व में आप से संबंध रहे

उन्होंने सीजेपी नेतृत्व पर आम आदमी पार्टी के करीब जाने का भी आरोप लगाया। ब्रह्मभट्ट के मुताबिक, नई टीम में शामिल कई लोगों के पूर्व में आप से संबंध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सीजेपी को किसी राजनीतिक दल की टीम बनने के बजाय युवाओं और स्वयंसेवकों का लोकतांत्रिक मंच बने रहना चाहिए। इन आरोपों पर सीजेपी की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

**गुजरात के रहने वाले हैं ब्रह्मभट्ट :** उल्लेखनीय है कि ब्रह्मभट्ट मूल रूप से गुजरात के रहने वाले हैं। वह वर्ष 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में पालनपुर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ चुके हैं। उन्हें 964 वोट मिले थे और वह पांचवें स्थान पर रहे थे। इसके बाद वह सी जेपी के आंदोलन से जुड़े और खुद को स्वयंसेवक व समन्वयक के तौर पर प्रस्तुत करते रहे हैं।

## अगले साल खत्म हो जाएगा दिल्ली नगर निगम का कार्यकाल, अब गठित हुई एससी समिति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीडी के गठन के बाद उसके चुनाव पंचवर्षीय कार्यकाल अगले साल दिसंबर में खत्म हो जाएगा। लेकिन जिस कमेटी को 2023 में ही बन जाना चाहिए था वह अब जाकर गठित हुई है। बृहस्पतिवार को एमसीडी की 20 तदर्थ, विशेष और वैद्यानिक कमेटियों के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई। पिछले वर्ष हंगामे के कारण खेल और अनुसूचित जाति कल्याण समिति का गठन नहीं हो पाया था।

बृहस्पतिवार को 10 समितियों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई। इसमें अनुसूचित जाति कल्याण मामलों की समिति के चेयरमैन के तौर पर विकास टांक तो ममता डिप्टी चेयरमैन निर्वाचित हुई। इसी प्रकार खेल समिति में इंद्रजीत सहरावत चेयरमैन बुधवार को ही निर्वाचित हो चुके थे। पिछले वर्ष भी अनुसूचित जाति कल्याण मामलों की समिति व खेल समिति के चुनाव की प्रक्रिया कराई गई थी लेकिन आप के पार्षदों के हंगामे के कारण पिछले साल चुनाव स्थगित हो गए थे। जबकि इससे पूर्व स्थायी समिति का गठन न होने की वजह से इन समितियों का गठन नहीं हो सका था। बृहस्पतिवार को अनुसूचित जाति कल्याण मामलों की समिति का चुनाव तीन बजे तय था जिसमें भाजपा पार्षद और अधिकारी तय समय पहुंच गए थे। चुनाव की प्रक्रिया ठीक तीन बजे शुरू कर दी गई चूंकि निर्विरोध निर्वाचन होना था तो पीठासीन अधिकारी तीन मिनट के भीतर ही चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन को निर्वाचित घोषित कर दिया। इसके बाद बैठक स्थगित कर दी गई तब ही आप पार्षद बैठक में पहुंचे और चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे।

## पति-पत्नी का अलग, बच्चों का दूसरे बूथ पर नाम.. वोटर लिस्ट देख टेंशन में लोग

### कैसे एक ही बूथ पर लाएं परिवार के नाम?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसआईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद दिल्ली के मतदाताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार को जारी सूची में करीब 47 लाख मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हो पाए हैं। इनमें ऐसे मतदाता भी हैं, जिन्होंने पिछले चुनाव में मतदान किया था और एसआईआर फार्म भरकर जमा भी कराया था। लेकिन, ड्राफ्ट सूची से उनका नाम गायब है। ऐसे में जरूरी दस्तावेज लेकर मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे किसी मतदाता को नाम कटने की चिंता है तो कोई परिवार के सदस्यों का नाम अलग- अलग बूथों पर चले जाने से असमंजस की स्थिति में है।



**बीएलओ भी सहायता नहीं कर पा रहे:** चाणक्य प्लेस पार्ट-2 निवासी कुलदीप ने बताया कि उन्होंने पिछले चुनाव में मतदान किया था। एसआईआर फार्म भी भरकर जमा कराया था, लेकिन इसके बावजूद ड्राफ्ट सूची में उनका नाम दिखाई नहीं दे रहा है। अब नाम दोबारा जुड़वाने के लिए उन्होंने बीएलओ से संपर्क किया, लेकिन बीएलओ भी उनकी सहायता नहीं कर पा रहे हैं।

**नाम दोबारा एक ही बूथ पर कैसे दर्ज हो?:** महावीर एन्क्लेव निवासी कुलदीप और नूरजहां ने बताया कि ड्राफ्ट सूची में उनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम मौजूद हैं, लेकिन पहले की तरह एक ही बूथ पर दर्ज नहीं हैं। परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों में बिखर गया हैं। इससे यह समझना मुश्किल हो रहा है कि सभी सदस्यों का नाम दोबारा एक ही बूथ पर कैसे दर्ज कराया जाए। उनका कहना है कि इस संबंध में बीएलओ से भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुरानी दिल्ली के मटियामहल विधानसभा क्षेत्र निवासी शाहिद ने बताया कि उनकी पत्नी का नाम वर्ष 2025 तक दिल्ली की मतदाता सूची में दर्ज था, लेकिन एसआईआर की 2026 की ड्राफ्ट सूची में नाम दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं विनायक कुमार ने बताया कि उन्होंने एसआईआर फार्म में अपना नाम और जन्मतिथि सही दर्ज की थी, लेकिन ड्राफ्ट सूची में उनका नाम और उम्र दोनों गलत दर्ज हैं। इससे उनके सामने अलग तरह की परेशानी खड़ी हो गई है।

### नाम जुड़वाने को फार्म-6, बूथ बदलने के लिए फार्म-8

वहीं, दिल्ली चुनाव कार्यालय के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि ड्राफ्ट सूची में नाम नहीं होने पर मतदाता फार्म-6 भरकर नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ निर्धारित पते और पहचान संबंधी दस्तावेज तथा आवश्यक हलफनामा जमा करना होगा।

### बीएलओ के माध्यम से भी आवेदन किया

वहीं, नाम, उम्र या अन्य विवरण में सुधार के लिए फार्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों में चले जाने पर एक समान पते पर नाम स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8 में संबंधित विकल्प चुनकर आवेदन कर सकते हैं। मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950, निर्वाचन आयोग के पोर्टल या संबंधित बीएलओ के माध्यम से भी आवेदन किया कर सकते है।

## दिल्ली में ब्रेन डेड युवक के अंगदान से सेना के दो जवानों को मिली नई जिंदगी, लिवर और किडनी का हुआ सफल ट्रांसप्लांट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक परिवार के साहसिक निर्णय ने सड़क हादसे में ब्रेन डेड 27 वर्षीय युवक की मौत को दो सैनिकों के लिए जिंदगी की उम्मीद में बदल दिया। हादसे के बाद युवक को ब्रेन डेड घोषित किया गया था। इसके बाद स्वजन ने अंगदान की सहमति दी।



युवक का लिवर और एक किडनी सेना के दो जवानों में प्रत्यारोपित की गई। अब दोनों जवान स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। यह अंगदान जेपीएन एपेक्स ट्रामा सेंटर में हुआ। परिवार की सहमति के बाद सिविल और सैन्य चिकित्सा टीमों ने समन्वय किया। लिवर और किडनी को जेपीएन एपेक्स ट्रामा सेंटर से सेना के अस्पताल (आरएंडआर) पहुंचाया गया, जहां दोनों अंगों का जवानों में सफल प्रत्यारोपण किया गया। सेना के अधिकारियों का कहना है कि युवक के परिवार के निर्णय और चिकित्सा टीमों के बीच तेज समन्वय से दो सैनिकों की जान बचाने में मदद मिली है। एक परिवार ने अपने सबसे कठिन समय में अंगदान का फैसला लेकर अपने दुख को दो परिवारों की उम्मीद में बदल दिया।

## एडिन जेको का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान

### इंस्टाग्राम पर लिखा भावुक पोस्ट

नई दिल्ली । बोस्निया और हर्जेगोविना के दिग्गज खिलाड़ी और मैनचेस्टर सिटी के पूर्व स्टार एडिन जेको ने इंटरनेशनल फुटबॉल से रिटायरमेंट का ऐलान किया है। बोस्निया का यह स्टार खिलाड़ी नेशनल टीम के लिए अपना आखिरी मैच 2 अक्टूबर को खेलेगा, जब उनकी टीम नेशंस लीग में स्वीडन का सामना करेगी। एडिन जेको ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर एक भावुक पोस्ट करते हुए कहा कि नेशनल टीम के लिए खेलना फुटबॉल से मिला सबसे कीमती तोहफा रहा है। 40 साल के इस खिलाड़ी ने अपने 20 साल के सफर के यादगार पलों को भी याद किया। जेको ने पोस्ट में लिखा, 'कभी-कभी मैं सोचता था कि यह पल कब



आएगा, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि ये शब्द लिखते समय मैं इतना भावुक हो जाऊंगा। 2 अक्टूबर को मैं स्वीडन के खिलाफ अपनी नेशनल टीम के लिए अपना अगला और आखिरी मैच खेलूंगा। मेरे करियर में किसी भी चीज की तुलना उस गर्व से नहीं की जा सकती, जो मुझे हर बार उस जर्सी को पहनकर महसूस हुआ। कुछ भी नहीं। यह मेरा बचपन का सपना था। फुटबॉल के मैदान पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान पाने वाले उन सभी 151 मैचों में मैं उस सपने को अपने साथ लेकर चला।'

जेको ने 20 साल पहले तुर्की के खिलाफ बोस्निया की जर्सी में खेले गए अपने पहले मैच को भी याद किया और कहा, 'तुर्की के खिलाफ खेले गए उस मैच को लगभग 20 साल बीत चुके हैं। उस दिन के बाद से बहुत कुछ बदल गया है, और मैं भी बदल गया हूं, लेकिन इस जर्सी के लिए मेरा प्यार कभी नहीं बदला।' 40 साल के इस खिलाड़ी ने 151 मुकाबलों में कुल 73 गोल किए, जो बोस्निया और हर्जेगोविना के लिए रिकॉर्ड हैं। अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने टीम को दो वर्ल्ड कप तक पहुंचने में मदद की। 2014 में उन्होंने पहली बार अपने देश को वर्ल्ड कप में पहुंचाया, तो 2026 में टीम ने अंतिम 32 तक का सफर तय किया था। टीम में अनगिनत योगदान देने के बाद, जेको का मानना ??है कि अब पीछे हटने का सही समय है।

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि अब पीछे हटने का समय आ गया है। अगर मैं 40 साल की उम्र तक नेशनल टीम में बना रह सका, तो इसकी वजह यह है कि मैंने सचमुच अपना सब कुछ दिया। हर बार। अपना सब कुछ।' इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के बावजूद, जेको बुंडेसलिगा में अपने क्लब शाल्के का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे।



### भारत ने हांगकांग चीन को 137 रन से हराया

# सेमीफाइनल में भी बनाई जगह

नई दिल्ली। भारत ने महिला एशिया कप 2026 के अपने दूसरे मुकाबले में हांगकांग चीन को 137 रनों से हराते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत का अब अगला और ग्रुप स्टेज का तीसरा व आखिरी मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 5 सितंबर को होगा। इस मैच में जीत के साथ भारत ग्रुप ए में आखिरी तक नंबर 1 रह सकता है।

इस मैच में भारत ने 194 रन का लक्ष्य रखा था और स्मृति मंधाना ने 64 गेंद पर 124 रन की पारी खेली थी। जवाब में हांगकांग की पूरी टीम 16.2 ओवर में 56 रन पर ढेर हो गई। भारत के लिए गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके। वहीं नंदनी शर्मा, प्रेमा रावत और श्री चरणी को 2-2 विकेट मिले।

भारत ने बनाए 5 विकेट पर 193 रन

भारतीय टीम इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले खेलने उतरी। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 193 रन बनाए। इसमें से अकेले 124 रन स्मृति मंधाना के थे। उनके अलावा 17 गेंद पर 28 रन शेफाली वर्मा ने बनाए। उनके और स्मृति के बीच पहले विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी हुई। हांगकांग चीन को जीत के लिए 194 रन का लक्ष्य मिला।

## एशियन गेम्स 2026: वीवीएस लक्ष्मण होंगे भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच, खेल मंत्रालय ने पुष्टि की



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण आगामी आइची-नागोया एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच की भूमिका निभाएंगे। इसकी पुष्टि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने भारतीय दल की घोषणा के साथ की। मंत्रालय की तरफ से घोषित 768 सदस्यीय भारतीय दल में 503 एथलीट, 246 टीम अधिकारी और सहयोगी स्टाफ तथा 19 स्टाफ दल के सदस्य शामिल हैं। नियमित हेड कोच गौतम गंभीर को वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से पहले आराम दिया गया है। ऐसे में वीवीएस लक्ष्मण एशियन गेम्स में पुरुष टीम की देखरेख करेंगे। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, सुनील जोशी, ऋषिकेश कानितकर और सुभादीप घोष लक्ष्मण के साथ जुड़ेंगे, जबकि अमोल मजूमदार एशियन गेम्स में महिला टीम की कमान संभालेंगे। लक्ष्मण ने हाल ही में जुलाई में जिम्बाब्वे के विरुद्ध टी20 सीरीज के दौरान भारतीय टीम की देखरेख की थी। ऐसा तब हुआ था जब इंग्लैंड के विरुद्ध व्हाइट-बॉल सीरीज के बाद गंभीर को आराम दिया गया था। भारतीय पुरुष और महिला टीमें एशियन गेम्स में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि उन्होंने 2022 हांगजो खेलों में खिताब जीता था।

## स्मृति मंधाना ने शतक ठोक रचा इतिहास

### मिताली राज का वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली। महिला एशिया कप 2026 के दूसरे मुकाबले में भारतीय उपकप्तान और स्टार बैटर स्मृति मंधाना ने बेहतरीन शतक जड़ा। उनका टी20 इंटरनेशनल में यह दूसरा शतक था। इसी के साथ उन्होंने मिताली राज के एक वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। उनके नाम अब महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन दर्ज हो गए हैं। उन्होंने मिताली के 10868 रन के रिकॉर्ड को अपने 302वें इंटरनेशनल मैच में तोड़ा।



मिताली राज ने अपने इंटरनेशनल करियर में 333 मैच खेलते हुए 10868 रन बनाए थे। वहीं स्मृति ने अपने करियर के 302वें मैच में यह उपलब्धि हासिल कर ली। अब महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर हैं। इस मामले में तीसरे नंबर पर हैं सूजी बेट्स। महिला एशिया कप में भी स्मृति सबसे ज्यादा 18 शतक लगाने वाले खिलाड़ी बनीं। इस दौरान उन्होंने मिताली राज के महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर की भी बराबरी की। स्मृति मंधाना ने इस मुकाबले में 64 गेंद पर 124 रन बनाए। इस पारी में उनके बल्ले से 14 चौके और 7 छक्के निकले। उन्होंने इस दौरान रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी। उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। सबसे बड़ा तो वर्ल्ड रिकॉर्ड था जो उन्होंने तोड़ा और मिताली को पीछे छोड़ा। वहीं भारत के लिए महिला टी20 इंटरनेशनल की भी वह टॉप स्कोरर बनीं। एशिया कप में भी सबसे बड़ी पारी खेलनी वाली महिला क्रिकेटर वह बनीं।

# महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए बीसीसीआई हमेशा तैयार: देवजीत सैकिया

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि बोर्ड कम समय में आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी के पहले संस्करण की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका से मेजबानी अधिकार वापस लेकर भारत को सौंप दिए हैं। छह टीमों वाला यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 28 फरवरी तक खेला जाएगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेंगी। इसके मुकाबले दो मैदानों - मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के ब्रेबोर्न स्टेडियम और वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई मुख्यालय में प्रदर्शन समीक्षा बैठक के बाद सैकिया ने संवाददाताओं से कहा, 'आपको बीसीसीआई की सराहना करनी चाहिए कि हम अगले साल फरवरी में महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने जा रहे हैं। हमारे पास दो स्थल हैं, एक सीसीआई ब्रेबोर्न, जो वानखेड़े स्टेडियम के बगल में है। दूसरा बड़ौदा है और हमें सराहना करनी चाहिए और हमें आईसीसी, जिसमें जय शाह भी शामिल हैं, को धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने सोचा कि बीसीसीआई सही देश है जो इतने कम समय में



टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है।'

आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) से सरकारी हस्तक्षेप के कारण मेजबानी अधिकार छीन लिए थे। श्रीलंका सरकार ने बोर्ड के संचालन के लिए सरकार समर्थित ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी नियुक्त की थी।

भारत को बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका की दावेदारी के बीच मेजबान चुना गया। मेजबानी गंवाने के बावजूद श्रीलंका ने टूर्नामेंट में अपनी जगह बरकरार रखी है, क्योंकि उसने 6 जुलाई की कट-ऑफ तारीख तक वैश्विक टी20आई रैंकिंग के आधार पर स्वतः क्वालिफाई कर लिया था।

सैकिया ने कहा, 'बीसीसीआई हमेशा इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए तैयार रहता है और इसके लिए बीसीसीआई को कुछ श्रेय मिलना चाहिए कि हम किसी भी समय किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन को समायोजित करने के लिए तैयार हैं। आखिरी क्षण में, 11वें घंटे पर, श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सका। बीसीसीआई ने चार स्थानों की पेशकश की, जिनमें से दो स्थानों का चयन किया गया और हम इसकी बहुत अच्छे तरीके से मेजबानी करने जा रहे हैं।'


ब्रेबोर्न स्टेडियम ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टी20 सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी की थी, हालांकि इसने 2023 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैचों की मेजबानी की है।

वडोदरा भी एक प्रमुख स्थल के रूप में उभरा है। यहां 2025 और 2026 में डब्ल्यूपीएल मुकाबले और 2024 में भारत-वेस्टइंडीज महिला वनडे सीरीज खेली गई थी।

## पार्टी और मौज-मस्ती के सवाल को लेकर पत्रकार पर भड़कीं सबालेंका

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाई फटकार

न्यूयॉर्क । दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन में दूसरे राउंड की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में टूर्नामेंट से पहले की अपनी गतिविधियों के बारे में पूछे गए सवाल पर एक पत्रकार को जमकर खरी-खोटी सुनाई। बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी सबालेंका ने न्यूयॉर्क में अपना खिताब बचाने की कोशिश में दूसरे राउंड के मैच में पोलिना इत्चेंको को 6-1, 6-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। 22 साल की इत्चेंको पर शानदार जीत के बाद दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी से यूएस ओपन से पहले उनके स्पॉन्सरशिप के कामों के बारे में पूछा गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के



दौरान एक रिपोर्टर ने पूछा, 'टूर्नामेंट शुरू होने के बाद अब आपका मूड कैसा है? जाहिर है कि पिछले हफ्ते बहुत सारी पार्टियां और मौज-मस्ती वगैरह हुई थी।' सबालेंका ने रिपोर्टर को फटकार लगाते हुए कहा, 'यह कैसा सवाल पूछा है आपने?' उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'आप लोग तो मजाक जैसे हैं। पार्टियां? मौज-मस्ती? आप ऐसा क्यों कहेंगे? आप ऐसा सोचेंगे ही क्यों? मतलब, यह कैसा सवाल है? सिर्फ इसलिए कि मैंने ब्रांड्स के साथ कुछ गतिविधियां पोस्ट कीं, तो आपको लगता है कि मैं पार्टी कर रही थी?'

सबालेंका ने दूसरे राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी को आसानी से हराया। उन्होंने इत्चेंको को हराने में सिर्फ 54 मिनट लिए और न्यूयॉर्क में अपनी जीत का सिलसिला 15 मैचों तक बढ़ाया। मैच के बारे में बात करते हुए सबालेंका ने कहा, 'मैं अपने खेल के स्तर से खुश हूं। मैं बहुत मेहनत कर रही हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं कोर्ट पर परफेक्ट बनने की कोशिश से थोड़ा दूर हो रही हूं। मुझे पता है कि आप परफेक्ट नहीं हो सकते, और मैं बस अभी जो मेरे पास है, उसी के साथ काम करने की कोशिश कर रही हूं। मैं अपने खेल के स्तर से काफी खुश हूं। मैं अपने फोकस से खुश हूं। मुझे खुशी है कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं खुद पर ध्यान केंद्रित कर पा रही हूं और अपने फोकस पर लगातार बनी हुई हूं।' शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब तीसरे राउंड में उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा से भिड़ेगी।

# आर्यना सबालेंका ने पोलिना इयात्सेंको को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई

न्यूयॉर्क । दुनिया की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन 2026 के महिला एकल के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सबालेंका ने रूस की पोलिना इयात्सेंको को 6-1, 6-1 से हराया। लगातार तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही आर्यना सबालेंका को पोलिना इयात्सेंको पर जीत हासिल करने में कोई खास परेशानी नहीं हुई। सबालेंका ने 54 मिनट तक चले मुकाबले में 24 विनर लगाए। इस जीत के साथ सबालेंका ने यूएस ओपन में अपनी लगातार जीत का सिलसिला 15 मैचों तक पहुंचाया है। उन्होंने ग्रैंड स्लैम इवेंट्स में लगातार 22 दूसरे राउंड के मैच जीते हैं। सबालेंका अब यूएस ओपन में उन मैचों में 30-2 से आगे हैं जहां वह पहला सेट जीतती हैं। पिछली बार जब वह न्यूयॉर्क में पहला सेट जीतने के बाद कोई मैच हारी थीं, तो वह 2023 का फाइनल था। बेलारूस की खिलाड़ी का अगला मुकाबला कामिला राखिमोवा से है। सबालेंका, राखिमोवा के खिलाफ हेड टू हेड में 3-0 से आगे हैं।



## लिंडा नोस्कोवा ने लैनलाना तारारुडी को सीधे सेटों में हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई

न्यूयॉर्क । विंबलडन चैंपियन और नंबर 6 सीड लिंडा नोस्कोवा ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में थाईलैंड की लैनलाना तारारुडी को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के तीसरे राउंड में जगह बना ली। लिंडा नोस्कोवा इस बार तीसरे राउंड से आगे बढ़ने की



कोशिश करेंगी। पिछले साल तीसरे राउंड में उन्हें कैरोलिना मुचोवा ने हराया था। दोनों खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत सर्विस पर जोरदार तरीके से की, लेकिन नोस्कोवा तारारुडी पर तब तक दबाव बनाती रहीं जब तक वह चेक खिलाड़ी की बेसलाइन से आ रहे हमलों को झेल नहीं पाईं। आखिर में, नोस्कोवा ने सातवें गेम में टारारुडी की सर्विस तोड़ी और पहला सेट जीता। नोस्कोवा ने 15 में से 12 नेट पॉइंट जीते। पहले सेट में शुरुआती मुश्किलों के बाद नोस्कोवा ने मैच पर पूरा नियंत्रण स्थापित कर लिया। दूसरे सेट में भी खेल उनके नियंत्रण में रहा। लिंडा नोस्कोवा ने लैनलाना तारारुडी को 6-4, 6-2 से हराया। यह 2026 में नोस्कोवा की 11वीं ग्रैंड स्लैम मैच जीत थी, जो एक कैलेंडर साल में उनकी सबसे ज्यादा जीत है। उनका पिछला बेस्ट 2024 में छह ग्रैंड स्लैम मेन-ड्रॉ मैच जीतना था। अपने विंबलडन टाइटल के अलावा, वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीसरे राउंड में पहुंचीं। रोलैंड गैरोस में पहले राउंड में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### विमेंस बिग बैश लीग

## सिडनी सिक्सर्स ने सोफिया डंकले के साथ एक साल का करार किया



सिडनी । इंग्लैंड की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज सोफिया डंकले ने विमेंस बिग बैश लीग-12 के लिए सिडनी सिक्सर्स के साथ करार किया है। 28 साल की बल्लेबाज 'द हंड्रेड' में ट्रेंट रॉकेट्स के साथ सफलता के बाद ऑस्ट्रेलिया आएंगी। ट्रेंट रॉकेट्स में डंकले के साथ ऑस्ट्रेलियाई स्टार एश्ले गार्डनर भी शामिल थीं। डंकले ने ट्रेंट रॉकेट्स को विमेन 'द हंड्रेड' 2026 का खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। वह कॉम्पिटिशन की ऑल-टाइम सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी थीं। डंकली ने विमेंस बिग बैश लीग 11 के दौरान सिक्सर्स के लिए खेलते हुए 354 रन बनाए थे। सिक्सर्स द्वारा साझा एक बयान में डंकली ने कहा, 'मुझे पिछले सीजन में सिक्सर्स के साथ अपना समय बहुत पसंद आया और मैं वापस आकर बहुत उत्साहित हूं। मेरा खिलाड़ियों, कोचों और फैन्स ने स्वागत किया है। मुझे पिछले साल क्लब के साथ अपना समय बहुत पसंद आया और मैं नॉर्थ सिडनी में लड़कियों के साथ वापस खेलने का इंतजार नहीं कर सकती।'

2018 में इंग्लैंड में डेब्यू करने के बाद से, डंकली ने खुद को दुनिया की सबसे अच्छी बल्लेबाजों में से एक के तौर पर स्थापित किया है, और सभी फॉर्मेट में एक अहम खिलाड़ी बन गई हैं। सिडनी सिक्सर्स की जनरल मैनेजर रेचल हेन्स ने कहा कि अगले सीजन के लिए डंकले का जुड़ना क्लब के लिए बड़ा बूस्ट था।

हेन्स ने कहा, 'सोफिया ने पिछले सीजन में प्रभावित किया था। हमारी बैटिंग लाइन-अप की क्षमता बढ़ी और जल्दी ही मैदान पर और मैदान के बाहर ग्रुप की एक अहम सदस्य बन गई।

### भारत-पाकिस्तान की राइवलरी पर बोले वसीम अकरम

# 'लोग क्यों नहीं समझते हैं कि यह सिर्फ एक मैच है'

नई दिल्ली । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने क्रिकेट फैंस से कहा है कि भारत और पाकिस्तान के मुकाबलों को सिर्फ एक खेल की तरह देखें। उन्होंने कहा कि लोगों को इस राइवलरी में पुरानी बातें, राजनीतिक मुद्दे या अधिक भावनाएं नहीं जोड़नी चाहिए। अकरम का मानना है कि भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा रोमांचक होते हैं, लेकिन खिलाड़ियों और फैंस को इसे खेल की भावना के साथ देखना चाहिए। उन्होंने भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान के साथ अपने लंबे रिश्ते पर भी बात की। अकरम ने कहा कि दोनों के बीच कई वर्षों से अच्छा संबंध रहा है और वे एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर इरफान की कुछ बातों या गतिविधियों से वह हमेशा सहमत नहीं रहे। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि अलग-अलग राय होना सामान्य बात है और इससे आपसी सम्मान कम नहीं होता। अकरम ने '1 मिनट' पॉडकास्ट पर बात करते हुए दोनों पड़ोसी देशों के बीच होने वाले मैचों को लेकर लोगों में बहुत ज्यादा उत्साह और जुनून पर बात की। उन्होंने कहा कि क्रिकेट मैच के नतीजे को समर्थकों के बीच लंबे समय तक दुश्मनी की वजह नहीं बनना चाहिए। लोगों के पास बहुत समय है। वे क्यों नहीं समझते? यह बस एक खेल है। आखिरकार, यह सिर्फ एक मैच है। किसी को जीतना है, किसी को हारना है। फिर अगले मैच की ओर बढ़ना है। मगर नहीं, जो बहुत पहले हुआ था, वह अभी भी लोगों के मन में है। बदला लेने जैसी बातें 1970 के दशक की हैं। यह वही पुरानी कहावत है कि 'खाली दिमाग शैतान का घर होता है'।'



क्रिकेट इतिहास के सबसे मशहूर तेज गेंदबाजों में से एक अकरम ने पठान के साथ अपने रिश्ते पर भी बात की। इंटरनेशनल क्रिकेट में आने के बाद पठान की तुलना अक्सर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान से की जाती थी, क्योंकि दोनों ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज थे और उनके गेंदबाजी एक्शन में भी समानताएं थीं।

दोनों की पहली मुलाकात 2004 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हुई थी, जब पठान इंटरनेशनल लेवल पर अपनी जगह बना रहे थे। अकरम ने बताया कि यह युवा भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान के महान बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों को देखकर बड़ा हुआ था और तेज गेंदबाजी की कला सीखने के लिए बहुत उत्सुक था।

उन्होंने कहा, 'इरफान 2004 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर मुझसे मिले थे। मैं कमेंट्री कर रहा था। वह मेरे बहुत बड़े फैन थे। हमें खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए थे। मैंने उन्हें कुछ टिप्स दिए थे, लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में ही अच्छा प्रदर्शन किया। उनका बॉलिंग एक्शन शुरू से ही मेरे जैसा था। हालांकि, जब खिलाड़ी आपसे कुछ पूछते हैं, तो आप उन्हें ज्यादातर माइंडसेट के बारे में बताते हैं। एक्शन वगैरह तो ठीक है, क्योंकि उस स्टेज पर आप उस लेवल पर पहुंच चुके होते हैं, जहां आप देश का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं।'

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज ने बताया कि उभरते हुए खिलाड़ियों को उनकी सलाह पहले से बनी-बनाई तकनीक को बदलने पर कम और सबसे ऊंचे स्तर पर सफल होने के लिए जरूरी रणनीतिक समझ विकसित करने पर ज्यादा केंद्रित होती थी। अकरम ने कहा, 'वेरिएशन का इस्तेमाल कब करना है, कब नहीं। इरफान अच्छा लड़का है। वह अब भी मुझसे मिलता रहता है। यह अलग बात है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ न कुछ सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं। हालांकि, हमारे फैन भी तैयार रहते हैं। वे भी नजरअंदाज नहीं करते। उन्हें बस जवाब देना होता है।'

पठान ने 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया और जल्द ही भारत के सबसे होनहार ऑलराउंडरों में से एक बन गए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com